Follow us on :

bharatbhaskar.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
आश्विन कृष्ण पक्ष
पक्ष- अमावस्या

● वर्ष : 15 ● अंक-255 ● रायपुर, शनिवार 14 अक्टूबर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179



3

मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत ओड़गी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निकाली कलश यात्रा



5

स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया



7

राशन विक्रेताओं ने किया मतदाता जागरूकता अभियान

**सुविचार**

शुरुआत उससे करे जो पहले जरुरी हो, फिर उससे जो आप आसानी से कर सके और फिर देखे उसका सफल परिणाम।

-स्वदेश तिवारी

पीएम मोदी के संबोधन को बताया सराहनीय

# वैश्विक नेताओं ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक सुर में चिंता जताई

■ आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या- रूसी सांसद

नई दिल्ली। एजेंसी

दिल्ली में नौवें पी20 शिखर सम्मेलन को पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (13 अक्टूबर) को संबोधित किया। इसमें कई वैश्विक नेताओं ने दुनियाभर में फैले आतंकवाद के मुद्दे पर चिंता जताई। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवादग के खतरे से लड़ने के लिए सभी देशों को एक साथ आने की जरूरत है। वैश्विक नेताओं ने पी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन की भी सराहना की है। यहां पीएम मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर जोर दिया और भारत के खिलाफ आतंकवादी घटनाओं को याद किया। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए रूसी सांसद प्योत्र टॉल्स्टॉय ने कहा, आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि दुनिया की संसदों को आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत घोषणा की जरूरत है। यह लाखों करोड़ों लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नाइजीरिया के महासचिव सालेह अबुबकर ने भी आतंकवाद के खिलाफआवाज उठाई और इसे 'वैश्विक मुद्दा' बताया। अबुबकर ने कहा कि सभी देशों को शांति हासिल करने के लिए काम करने की जरूरत है। सालेह अबुबकर ने कहा, आतंकवाद का मुद्दा एक वैश्विक मुद्दा है। यह कुछ ऐसा है जिसके लिए पूरी दुनिया को सामने आना चाहिए और इसका समाधान खोजना चाहिए। जिस तरह से वह (पीएम मोदी) इसे इस आदर्श वाक्य - एक पृथ्वी, एक



परिवार, एक भविष्य- के साथ ले रहे हैं। अगर सभी नेता एक साथ आएं और कहें कि हम सब एक हैं और हमें एक परिवार के रूप में मिलकर काम करने की जरूरत है, तो यह सब बंद हो जाएगा। नाइजीरियाई महासचिव ने कहा, जब तक शांति नहीं होगी तब तक दुनिया एक परिवार के रूप में आगे नहीं बढ़ सकती। सबकुछ शांति पर केंद्रित है और हम सभी को इसी पर काम करना चाहिए। सालेह अबुबकर ने भारत की संसद में पास किए गए महिला आरक्षण विधेयक की भी तारीफकरते हुए एसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भी पीएम मोदी के संबोधन की सराहना की थी और कहा था कि दुनिया में शांति सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में इंडोनेशिया, मैक्सिको, सऊदी अरब, ओमान, स्पेन, यूरोपीय संसद, इटली, दक्षिण अफ्रीका, रूस, तुर्किये, नाइजीरिया, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, जापान, मिस्र और बांग्लादेश के वक्ता और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख मौजूद थे। पीएम मोदी ने कहा, 'अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी 20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है।

### हिस्से में आतंकवादी हमला पूरे विश्व के लिए खतरा

दुनिया ने अब यह महसूस करना शुरू कर दिया है कि किसी भी हिस्से में हुई आतंकवादी घटना मानवता के खिलाफएक अपराध होती है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पी-20 की मीटिंग को संबोधित करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने इजरायल पर हुए हमास के हमले का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना ही यह बात कही। उन्होंने इस दौरान जी-20 देशों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने कहा कि आतंक से निपटने के लिए एक वैश्विक नीति न होने और उसकी परिभाषा तय न किए जाने का फायदा आतंकवाद को पालने वालों को मिलता रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'अब दुनिया ने यह मानना शुरू कर दिया है कि किसी भी हिस्से में आतंकवादी हमला पूरे विश्व के लिए खतरा है। किसी भी हिस्से में हो और उसका तरीका कुछ भी हो, आतंकवाद समूची मानवता के लिए ही खतरा है। हमें आतंकवाद के खिलाफजंग को जारी रखना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### करनाल में किसान की निर्मम हत्या, आंख से खून, जीभ निकली थी बाहर

**करनाल।** करनाल में गांव कुंजपुरा के पास खेतों में एक किसान की बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी गई। सुबह उसका शव खेत में ट्रैक्टर के पास पड़ा मिला। हत्या की सूचना से हड़कंप मच गया और कुछ ही देर में बड़ी संख्या में गांव के महिलाएं एवं पुरुषों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की। किसान की आंख से खून बह रहा था और उसकी जीभ बाहर निकली हुई थी। उसकी छाती पर चोटों के निशान थे। सूचना के बाद एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार गांव चुंडीपुर निवासी 45 वर्षीय बलविंदर राणा ने कुंजपुरा के पास ठेके पर जमीन ली हुई है। वह अधिकतर समय खेतों में ही रहता था। परिजनों ने बताया कि बीती शाम को वह खेत काम कर रहा था। उसके कुछ साथी भी उसके साथ थे। बलविंदर रात को खेतों की जुताई का काम कर रहा था। रात को उसके दो से तीन साथी उसके पास चले गए और वहां पर शराब पी।

### अयोध्या मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद रखा जाएगा

**मुंबई।** देश की सभी मस्जिदों के संगठन ऑल इंडिया राबता-ए-मस्जिद एआई आरएम ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के धन्नीपुर में प्रस्तावित मस्जिद का नाम पैगंबर के नाम पर 'मुहम्मद बिन अब्दुल्ला मस्जिद' रखने का फैसला किया है। भाजपा नेता हाजी अरफात शेख की पहल पर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के सभी वरिष्ठ मौलवियों की भागीदारी के साथ यहां आयोजित एआईआरएम सम्मेलन में इस निर्णय की घोषणा की गई। धन्नीपुर मस्जिद स्थल सदियों पुरानी बाबरी मस्जिद के मूल स्थान से लगभग 22 किमी दूर है। बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को गिरा दिया गया था।अब इस स्थान पर भव्य भगवान राम मंदिर का निर्माण पूरा होने वाला है। हाजी अरफात शेख ने कहा कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आवंटित जगह पर बनने वाली नई मस्जिद भारत की सबसे बड़ी मस्जिद होने का वादा करती है। मस्जिद में 5,000 पुरुषों और 4,000 महिलाओं समेत 9,000 श्रद्धालु एक साथ नमाज अदा कर सकेंगे।

1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता

# मोदी सरकार आने के बाद ही पीड़ितों को मिला न्याय-शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मोदी सरकार आने के बाद ही मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि दंगों से संबंधित 300 मामलों को फिर से खोला गया और प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। दरअसल, अमित शाह शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के एक कार्यक्रम में हुए। इसी दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता।



मोदी सरकार के सत्ता में आने तक किसी को भी सजा नहीं मिली थी। कई जांच आयोग भी बने, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला, लेकिन जब मोदी सरकार सत्ता में आई तो उसने एसआईटी बनाई और 300 मामलों को दोबारा खोला गया। अमित शाह ने कहा कि दंगों के जो दोषी थे, उन्हें मोदी सरकार ने जेल भेजना शुरू किया है। इसके साथ ही, तीन हजार 328 पीड़ितों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा भी दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा को सिर झुकाकर नमन करता हूं। नौवें गुरु तेगबहादुर का देश के लिए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। जब धर्म के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की बात आती है।



पार्किंग स्थल के साथ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिक स्टेशनों में से एक। ये पार्किंग स्थल स्टेशनों के प्रवेश/निकास द्वार के पास बनाए गए हैं ताकि यात्रियों को अपने वाहन पार्क करने के लिए दूर न जाना पड़े।

बिजली की कमी से जुझ रहा राज्य

# बाहरी स्त्रोतों से बिजली खरीदने पर विचार कर रही है कर्नाटक

बेंगलुरु। एजेंसी

राज्य में बिजली उत्पादन में काफी गिरावट देखी जा रही है। इस बात की ओर इशारा करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को कहा कि बाहरी स्त्रोतों से बिजली खरीदने की संभावना पर चर्चा के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। सिद्धारमैया ने मीडिया से कहा, बिजली उत्पादन में गिरावट आ रही है, जबकि मांग बढ़ रही है। पिछले साल राज्य ने 900 मेगावाट का उपयोग किया था, लेकिन इस साल मांग बढ़कर 1500-1600 मेगावाट हो गई है। बाहरी स्त्रोतों से बिजली खरीद की संभावना पर चर्चा



के लिए एक बैठक आयोजित की जाएगी। बिजली अभी भी आपूर्ति की जा रही है और पूर्ण लोड शेडिंग नहीं हुई है। बैठक के दौरान तीन चरण प्रणाली में सात घंटे बिजली प्रदान करने की संभावना पर चर्चा की जाएगी। भाजपा के आरोपों के जवाब में, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सरकार के कार्यों का बचाव करते हुए कहा कि अपर्याप्त वर्षा के कारण सूखे की स्थिति में सभी एहतियाती कदम उठाना चुनौतीपूर्ण है। इस बीच कर्नाटक राज्य भी पानी की गंभीर कमी से जूझ रहा है, जिससे बिजली की आवश्यकता और बढ़ गई है। जब 2023 के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून का मौसम 30 सितंबर को समाप्त हुआ, तो 1 जून से 30 सितंबर तक राज्य में वर्षा 642 मिमी थी, जबकि सामान्य वर्षा 852 मिमी थी और कमी 25त्न थी। आईएमडी के मुताबिक, सभी 31 जिलों में लंबी अवधि के औसत से कम बारिश हुई, जिससे राज्य सूखे की चपेट में आ गया।

### राज्यपाल अब महामहिम नहीं, माननीय कहलाएंगे आदेश जारी

**पटना।** बिहार के राज्यपाल को अब न 'महामहिम' कहकर बुलाया जाएगा और ना ही महामहिम लिखा जाएगा। अब बिहार राज्यपाल 'माननीय' कहे जाएंगे। राज्यपाल सचिवालय ने महामहिम शब्द को बदल दिया है, इसके स्थान पर माननीय लिखा जाएगा। राजभवन सचिवालय से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्यान्तर्गत सभी प्रकार के कार्यक्रमों के लिए महामहिम के स्थान पर माननीय का प्रयोग किया जाएगा। आदेश में आगे लिखा गया है कि माननीय राज्यपाल महोदय के नाम के आगे 'श्री' अथवा 'श्रीमती' का प्रयोग किया जाएगा।

पाकिस्तानी खेमे में मची खलबली

# इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मैच में खेलेंगे सलामी बल्लेबाज गिल...

नई दिल्ली/ एजेंसी

अहमदाबाद से भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर सामने आई है। इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले से पहले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 99 प्रतिशत चयन के लिए उपलब्ध हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस बात की पुष्टि की। शुभमन गिल डेंगू बुखार से उबर गए हैं और उन्होंने गुरुवार को एक घंटे तक नेट पर अभ्यास किया था , जिससे उनकी पाकिस्तान के खिलाफविश्व कप मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अस्वस्थ होने के कारण




ऑस्ट्रेलिया और अफगानि स्तान के खिलाफ पहले दो मैचों में नहीं खेल पाया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है।टीम प्रबंधन ने टीम के अहमदाबाद पहुंचने से पहले गिल के लिए विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया। यही कारण था कि उसने बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने को बुधवार को ही अहमदाबाद जाने के लिए कह दिया था। गिल सुबह बुधवार को 11 बजे नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे तथा टीम के डॉक्टर रिजवान की देखरेख में उन्होंने कुछ कसरतें करने के बाद नेट पर अभ्यास किया। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की 'इनडिपर' को ध्यान में रखते हुए उन्होंने श्रीलंका के विशेषज्ञ सेनेविरत्ने के 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किये गए थ्रोडाउन पर अभ्यास किया।

27 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई

# आप सांसद संजय सिंह को कोर्ट से झटका......

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आप सांसद संजय सिंह की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किया और ईडी के वकील द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्तूबर को होगी। सिंह के वकील की ओर से शुक्रवार को इसका उल्लेख किए जाने के कुछ घंटों बाद, उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी और रिमांड दोनों को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई



की। हाईकोर्ट के समक्ष संजय की और से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने तर्क दिया कि कानूनी प्रक्रिया का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा सवाल कानून की प्रक्रिया के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का है। एक प्रतिष्ठित नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारी इस उपलब्धि को 'बुलेट पर बैलेट' की जीत मान रहे


# आजादी के बाद पहली बार नक्सल प्रभावित बस्तर के 120 से अधिक गांवों में बनेंगे मतदात केंद्र.......

रायपुर/ संवाददाता

आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा जब छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के 120 से ज्यादा गांवों के लोगों को इन विधानसभा चुनाव में अपनी बस्तियों में ही मतदान करने का मौका मिलेगा। अधिकारियों ने कहा कि दुर्गम क्षेत्र के इन गांवों में नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे जो पहले नक्सलियों के गढ़ थे। अधिकारी इस उपलब्धि को 'बुलेट पर बैलेट' की जीत मान रहे हैं। पहले इनमें से अधिकांश गांवों के मतदाताओं को मतदान के लिए 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। लोगों को अपना वोट डालने के लिए पहाड़ और नालों को पार करना पड़ता था। इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ता था। अधिकारियों का कहना है कि बस्तर क्षेत्र के जिन इलाकों को कभी नक्सली गढ़ माना जाता था, उनमें मतदान केंद्रों की स्थापना सुरक्षा परिदृश्य में सुधार और लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजबूती का संकेत है। मालूम हो कि सूबे में दो चरणों में मतदान होगा। सात जिलों वाले बस्तर संभाग में 12 विधानसभा क्षेत्र हैं। बस्तर संभाग में 7 नवंबर को पहले चरण के तहत मतदान होगा। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सुंदरराज पी ने बताया कि सात नवंबर को मतदान के लिए बस्तर क्षेत्र में 126 से अधिक नए मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से अधिकांश नए मतदान केंद्र होंगे जो नक्सल प्रभावित दुर्गम इलाकों में स्थित हैं। ये नए



मतदान केंद्र बस्तर क्षेत्र में नई पीढी को 'बुलेट पर बैलेट' की जीत का यकीन दिलाएंगे। 126 नए बूथों में से 15 कांकेर विधानसभा क्षेत्र में, 12 अंतागढ़ में, पांच भानुप्रतापपुर (कांकेर जिले) में, 20 कोंटा (सुकमा जिले) में, 14 चित्रकोट में, चार जगदलपुर में, एक बस्तर (बस्तर जिले) में स्थापित किए जाएंगे। यही नहीं कोंडागांव में 13, केशकाल (कोंडागांव जिला) में 19, नारायणपुर में नौ, दंतेवाड़ा में आठ और बीजापुर में छह पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों के 65 से अधिक कैंप (राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल दोनों के) स्थापित करने से जमीनी स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है। दूरदराज के गांवों में भी पोलिंग बूथ स्थापित करने में मदद मिली है। आईजी ने कहा कि ये नए मतदान केंद्र बस्तर में बेहतर सुरक्षा और मजबूत होती लोकतांत्रिक व्यवस्था के संकेत हैं। क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पहले इन क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक स्थितियों और माओवादी खतरों के कारण मतदान केंद्र स्थापित नहीं किए गए थे। चांदामेटा गांव की एक आदिवासी महिला पालो मरकाम ने कहा कि पहले उन्हें वोट देने के लिए आठ किलोमीटर की दूरी तय कर छिंदगुर गांव पहुंचना पड़ता था, लेकिन अब वह खुश हैं कि अपने गांव में ही मतदान कर पाएंगी। चांदामेटा जगदलपुर निर्वाचन क्षेत्र के उन चार गांवों में से एक है जहां पहली बार मतदान केंद्र बनेगा। कभी उग्रवाद का गढ़ माना जाने वाले चांदामेटा बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 65 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर तुलसी डोंगरी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है।



# ब्रेन के लिए टॉनिक हैं ये 10 आदतें, खुद तेज हो जाएगा दिमाग, याददाश्त भी होगी मजबूत

**हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस यानी वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना। हर साल इस दिन की थीम अलग-अलग होती है।**

आज तेजी से दौड़ती जिंदगी में मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाए रखना जरूरी है। बेहतर जीवन के लिए दिमाग को मजबूत बनाना, याददाश्त को तेज करना, सोचने-समझने की शक्ति को बढ़ाना और दिमागी समस्याओं से बचना बहुत जरूरी है। इस खास अवसर के मद्देनजर कुछ ऐसे आसान उपायं, जिनके जरिए आपको अपनी मेंटल को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

## हेल्दी डाइट लें

फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरपूर चीजों का सेवन करने से दिमागी स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद मिल सकती है। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे फैट वाली मछली, अलसी और अखरोट आदि मस्तिष्क के कार्य के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होते हैं।

## फिजिकली एक्टिव रहना जरूरी

फिजिकली एक्टिव रहने से दिमागी कामकाज में में सुधार करने, दिमागी विकारों के जोखिम को कम करने और मूड में सुधार करने में मदद मिल सकती है। हर हफ्ते कम से कम 150 मिनट मोडरेट इंटेंसिटी एक्सरसाइज करने की कोशिश करें।

## तनाव से बचें

लंबे समय तक तनाव में रहने से आपके दिमाग पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। तनाव कम करने वाली तकनीकों जैसे माइंडफुलनेस मेडिटेशन, गहरी सांस लेना, योग या ध्यान लगाना आदि का अभ्यास करें।

## पर्याप्त नींद लें


सोचने-समझने की क्षमता बढ़ाने और दिमागी स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद लेना जरूरी है। रोजाना कम से कम 7-9 घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। रोजाना एक समय सोने और जल्दी उठने की आदत डालें।

## दोस्तों से मिलते-जुलते रहें

यार-दोस्तों, परिजनों और रिश्तेदारों से संपर्क में रहें और उनसे बातचीत करते रहें, इससे दिमागी कामकाज को बढ़ाने और उसे स्वस्थ रखने मे मदद मिल सकती है। सामाजिक कामों के लिए समय निकालें, रिश्ते बनाए रखें।

## यह काम भी हैं जरूरी

- मानसिक गतिविधियों, जैसे पढ़ना, पहेलियां सुलझाना, नई भाषा सीखना या कोई नया शौक अपनाने से मस्तिष्क को सक्रिय रखने में मदद मिलती है।
- अत्यधिक शराब का सेवन और स्मोकिंग से मेंटल हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है
- हाइड्रेटेड रहने के लिए पूरे दिन खूब पानी पिएं क्योंकि इससे दिमाग स्वस्थ रहता है
- माइंडफुलनेस मेडिटेशन से दिमागी कामकाज को बढ़ावा मिलता है
- मस्तिष्क की चोटें मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती हैं। सिर की चोटों से बचने के लिए सावधानी बरतें, जैसे साइकिल चलाते समय या संपर्क खेलों में भाग लेते समय हेलमेट पहनना।





# जीएम डाइट के साइड इफेक्ट्स

**वेट लॉस करने के लिए लोग कई तरह-तरह की डाइट को फॉलो करना पसंद करते हैं। इन डाइट की खास बात यह होती है कि यह आपको कम समय में अच्छे रिजल्ट दिखाता है। जिसके कारण जो लोग इंटेंस वर्कआउट नहीं कर सकते हैं, वह वेट लॉस के लिए इन फैन्सी डाइट को फॉलो करना पसंद करते हैं। इन्हीं डाइट में से एक है जीएम डाइट। यह एक बेहद ही पॉपुलर डाइट है और ऐसा माना जाता है कि इस डाइट को फॉलो करने से महज सात दिन के अंदर ही दो किलो से लेकर सात किलो तक बेहद आसानी से वेट लॉस किया जा सकता है।**

शायद यही कारण है कि ओवरवेट लोग इस डाइट को फॉलो करना चाहते हैं। लेकिन वो कहते हैं ना कि बिना सोचे-समझे या दूसरों की देखा-देखी किसी चीज को आंख मूंदकर फॉलो नहीं करना चाहिए। ऐसा ही कुछ जीएम डाइट के साथ भी है। अगर आप बिना एक्सपर्ट से कंसल्ट किए इस डाइट को फॉलो करते हैं, तो आपको कुछ नेगेटिव इफेक्ट्स का भी सामना करना पड़ सकता है। जीएम डाइट से होने वाले कुछ साइड इफेक्ट्स जिन्हें आपको अवश्य जान लेना चाहिए-

### जीएम डाइट कैसे काम करती है?

इसमें सप्ताह के सातों दिन अलग तरह के फूड्स को शामिल किया जाता है-

- पहला दिन- डाइट के शुरुआती दिन केवल फलों को ही शामिल किया जाता है। आप इस दिन केले से लेकर तरबूज तक अपनी पसंद का कोई भी फल खा सकते हैं।
- दूसरा दिन- डाइट के दूसरे दिन सब्जियों को डाइट का हिस्सा बनाया जाता है। आप इसे कुक्ड या बिना पकाए ही खा सकते हैं। लेकिन इस दौरान ऑयल या नमक का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।
- तीसरा दिन- तीसरे दिन मिक्स्ड डाइट ली जाती है। इसमें आप फल व सब्जियां दोनों खा सकते हैं। आलू को कार्ब्स का रिच सोर्स माना गया है, लेकिन इन दिन आलू भी खाया जा सकता है।
- चौथा दिन- वहीं चौथे दिन अपनी डाइट में प्रोटीन को एड किया जाता है। इस दिन मुख्य रूप से दूध और केले का सेवन किया जाता है। आप दूध को दही, पनीर किसी भी रूप में ले सकते हैं।
- पांचवां दिन- इस दिन आप टमाटर के साथ-साथ प्रोटीन के अन्य स्रोत व ब्राउन राइस आदि ले सकते हैं। साथ ही आप दलिया भी ले सकते हैं।
- छठा दिन- इन दिन भी आप राइस, रोटी, दलिया, पनीर, दही व दूध ले सकते हैं। वहीं इस दिन आप चिकन व फिश भी ले सकते हैं। लेकिन इस दिन आलू व शकरकंदी नहीं लेनी चाहिए।
- सातवां दिन- इन दिन आप हर चीज को बराबर-बराबर मात्रा में लें। आप इसमें फ्रूट्स से लेकर जूसेस, सब्जियां, रोटी व अन्य आदि ले सकते हैं।



## जीएम डाइट क्या है?

जीएम डाइट के फायदे या नुकसान के बारे में बात करने से पहले आपको यह भी पता होना चाहिए कि जीएम डाइट क्या है? यह वास्तव में एक सात दिन की डाइट है, जिसमें हर दिन आप अलग-अलग तरह के फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं और इस तरह एक सिस्टमेटिक तरीके से वजन कम किया जाता है। यह एक लो कैलोरी डाइट है। इस डाइट में फल व सब्जियों को अधिक से अधिक मात्रा में रखा जाता है, जिसके कारण यह डाइट फाइबर व पोटेशियम रिच होती है। साथ ही इसमें नेगेटिव कैलोरी फूड्स को भी खाया जाता है। यह डाइट बॉडी में वाटर वेट को कम करने में मदद करती है।

### कैलोरी काउंट नहीं

इस डाइट का एक सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इसका कोई कैलोरी काउंट नहीं है। हर व्यक्ति की बॉडी की अपनी एक कैलोरी की जरूरत होती है और अगर एकदम से कैलोरी काउंट को बेहद कम किया जाता है और जी एम डाइट के बाद जब आप अपनी रेग्युलर डाइट पर लौटते हैं और पर्याप्त कैलोरी लेते है। तो ऐसे में बहुत से लोगों का वजन बढ़ने लगता है। इतना ही नहीं, कई लोगों का वजन तेजी से बाउंस बैक होता है।

### पोषक तत्वों की कमी

यह डाइट यकीनन पोटेशियम रिच है। इतना ही नहीं, तीसरे दिन के बाद डाइट में प्रोटीन को भी शामिल किया जाता है। लेकिन इसके अलावा इसमें कई तरह के पोषक तत्व नहीं होते हैं। मसलन, इस डाइट को लेने से विटामिन बी12, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम जैसे कई तरह के पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। जब एक डाइट में सभी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में ना हो तो इससे बॉडी में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

### मेटाबॉलिज्म को स्लो करना

जीएम डाइट को मेटाबॉलिज्म बूस्ट अप करने के लिए जाना जाता है। लेकिन वास्तव में यह लॉन्ग टर्म में आपके मेटाबॉलिज्म को स्लो करता है। दरअसल, जब आप एक बार एकदम से कैलोरी कम करते हैं और फिर वापिस अपने कैलोरी काउंट पर लौटते हैं तो इससे आपके मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है।

### फैट लॉस नहीं

सुनने में शायद आपको अजीब लगे, लेकिन जीएम डाइट वेट लॉस नहीं करती है, बल्कि यह बॉडी के वाटर वेट और मसल्स लॉस करती है, जिससे आपको लगता है कि आपका वजन कम हो रहा है। दरअसल, शुरूआती दिनों में आप प्रोटीन नहीं लेते हैं, जिससे मसल्स लॉस होना शुरू हो जाता है। साथ ही आप शुरू के तीन दिन वाटर वेट कम करते हैं, जिससे वजन तेजी से गिरता है। लेकिन आप फैट लॉस नहीं करते हैं, जो वास्तव में होना चाहिए।

### सेहत के लिए हानिकारक

यह डाइट प्रॉपर तरीके से फॉलो करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। इस दौरान आप कई विटामिन्स व मिनरल्स नहीं लेते हैं, जिससे ब्लोटिंग, कमजोर फील करना, पेट में दर्द होना व सिरदर्द होना आदि कई समस्याओं का सामना आपको करना पड़ सकता है।





# जरूरी नहीं कि दलिया सिर्फ बीमार होने पर ही खाया जाए

अधिकतर लोग सोचते हैं, कि दलिया का सेवन बीमार होने पर ही किया जाता है। उन्हें लगता है, कि दलिया बीमारों का ही भोजन है। लेकिन हम आपको बता दे कि यदि आप भी यही सोचते हैं, तो आप बिलकुल गलत है। क्योंकि दलिया सिर्फ बीमार होने पर ही खाया जाएं ये जरूरी नहीं। आप इसे ऐसे भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते है। तो आइए जानते हैं दलिया के सेवन से क्या-क्या सेहत लाभ होते है।

- दलिया खाने का सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि इससे आपका पाचन तंत्र बेहतर कार्य करता है और फाइबर से भरपूर होने के कारण पेट संबंधी समस्याओं का सरलता से निराकरण करने में ये मददगार साबित होता है।
- दलिया एक पौष्टिक भोजन है जो पोषण की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। खास तौर से जब यह मिश्रित अनाज से बना हो। अगर आप भारी भरकम या अधिक भोजन करने से बचते हैं, तो दलिया आपके लिए अनिवार्य तत्वों की पूर्ति करता है।
- वजन कम करने वालों के लिए रात के खाने में सिर्फ दलिये का सेवन काफी फायदेमंद है। एक कटोरी पतला दलिया आपकी भूख भी मिटाएगा, पाचन भी दुरुस्त करेगा और फाइबर से भरपूर होने के कारण वजन कम करने में भी मददगार होगा।
- डायबिटीज रोगियों के लिए दलिया बेहद फायदेमंद होता है। यह मैंगनीज का एक बेहतरीन स्त्रोत है, जो डायबिटीज को कंट्रोल रखने में मददगार साबित होता है।
- फैट फ्री या अत्यधिक कैलोरी वाला दलिया आपके लिए ऊर्जा का एक बेहतरीन स्त्रोत है। यह किसी भी मसालेदार स्वादिष्ट खाने की अपेक्षा दुगुनी ऊर्जा प्रदान करता है, और कोलेस्ट्रॉल के जमाव को कम करने में मदद करता है।



# शरीर के दोषों को बैलेंस करती है हर्बल टी

वैसे तो चाय सेहत के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं मानी जाती है, क्योंकि इसमें कैफीन की अधिक मात्रा पाई जाती है। इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स भी चाय से परहेज या सीमित मात्रा में सेवन की सलाह देते हैं। लेकिन चाय के बगैर किसी का काम नहीं चलता। यहां ज्यादातर लोग चाय के शौकिन हैं और यह आदम छोड़ना मुश्किल है। यह जानते हुए कि चाय सेहत के लिए अच्छी नहीं है। लेकिन साधारण चाय की जगह अब आयुर्वेदिक चाय का विकल्प मौजूद है। इसे काढ़ा या हर्बल टी भी कहा जाता है। यह नॉर्मल चाय से बिल्कुल अलग होती हैं और आर्युवेद में इसका इस्तेमाल व्यक्ति को स्वस्थ और रोगमुक्त रखने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में चाय शब्द का इस्तेमाल नहीं होता है, इसे काढ़ा कहा जाता है। आप इसे हर्बल टी कह सकते हैं, इसमें कैफीन बिल्कुल नहीं होता और इसे जड़ी-बूटियों और देसी मसालों के इस्तेमाल से बनाया जाता है। ये हर्बल टी शरीर के दोषों को बैलेंस करता है। यह वात, पित्त और कफ दोष को संतुलित करके शरीर का संतुलन और तारतम्य बनाए रखता है।

## क्या है आयुर्वेदिक चाय के फायदे

आयुर्वेदिक चाय के बहुत से हेल्थ बेनिफिट्स है, यह वजन घटाने में मदद करने के साथ ही, अपच, स्किन को निखारने और शरीर को डिटॉक्टस करके जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद करता है। आयुर्वेद में शरीर से हानिकराक टॉक्सिन निकालने पर बहुत जोर दिया जाता है। कुछ खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ ऐसे हैं, जो शरीर की अशुद्धियों को दूर करते हैं और आयुर्वेदिक चाय उन्हीं में से एक है। इसमें अलग-अलग पौधों के कुछ हिस्सों के साथ ही कुछ मसाले मिक्स किए जाए हैं, जो अच्छी सेहत और लंबी उम्र के लिए फायदेमंद है। यह पाचन तंत्र भी ठीक रखती है। इतना ही नहीं, पाचन ठीक रहने से मेटाबॉलिज्म भी दुरस्त रहता है और आप जल्दी वजन कम कर पाते हैं। यही वजह है कि जो लोग वजन कम करना चाहते हैं वह सामान्य चाय की बजाय हर्बल टी का सेवन करते हैं। अदरक, लौंग और मुलेठी से तैयार की गई आयुर्वेदिक चाय वजन घटाने में मदद करती है। लेमनग्रास, तुलसी, स्टारफूल आदि चीजें वजन घटाने में मददगार मानी जाती हैं।

### कैसे बनाएं?

उबलते पानी में एक चौथाई चम्मच भुना हुआ सौंफ, जीरा और धनिया डालकर धीमी आंच पर 10 मिनट तक उबलने दें। इसे छान लें और थोड़ा सा शहद मिलाकर पियें।

## सार-समाचार

### शालू साहू एम्स में बनेंगी नर्सिंग अफसर, परिजनों में खुशी का माहौल



नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर। नगर पंचायत-प्रेमनगर की शालू साहू ने एम्स की नर्सिंग अफ्सर की भर्ती पात्रता परीक्षा में 61.33 प्रतिशत हासिल कर आल इंडिया स्तर पर 402 वां रैंक हासिल किया है। शालू साहू ने ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (ढ्ढद्भरूस्) विभाग में कुल 3055 पदों पर भर्तियां हुई थी, जिसमें 402 वां आल इंडिया रैंक होने के नाते देश में कुल 17 एम्स में से कहीं भी स्वेच्छा से नर्सिंग अफ्सर के रूप में सेवाएं दे सकेंगी। शालू साहू का नगर पंचायत - प्रेमनगर के समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति श्री रामदयाल जी की पोती है, पिता कृष्ण कुमार साहू किराने का व्यवसाय करते हैं, और माता कमला साहू .. समाज महिला प्रकोष्ठ संभागीय संगठन मे कार्य कर रही हैं , शालू बड़ी बहन रितु साहू नगर के स्वास्थ केन्द्र मे दो वर्षो से नर्स के पद पर सेवाएं दे रही है तथा नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रही हैं और छोटा भाई प्रयास संस्थान जशपुर में शिक्षा हासिल कर रहा है!

शालू ने प्रेमनगर से स्कूली शिक्षा के के बाद वर्ष 2017 से 2022 तट गवर्नमेंट कॉलेज आफ नर्सिंग बिलासपुर के नर्सिंग कॉलेज से बीएससी नर्सिंग कर वर्ष 22 मे प्रदेश में दुसरा स्थान प्राप्त की थी।

साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने इस शानदार उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए शालू साहू के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

**बिलासपुर :-** 13 अक्टूबर 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सहयोग से 14 अक्टूबर 2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ऑडिटोरियम में स्टेट लेवल मीट ऑन परर्फोमेंस एंड इवैल्यूएशन ऑफ नेशनल लोक अदालत 2023 का आयोजन सवेरे 11 बजे से किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा होंगे। इसके अलावा उक्त कार्यक्रम में समस्त सम्मानीय न्यायमूर्तिगण एवं छत्तीसगढ़ के समस्त न्यायिक अधिकारीगण सम्मिलित होंगे।

### विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए सेक्टर अधिकारी हुए नियुक्त

नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1950 तथा 1951 निर्वाचन पंजीयन नियम 1560 तथा निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 एवं रिटर्निंग ऑफ़िसर के हैण्डबुक में बने नियमों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभावार अधिकारियों को मतदान केंद्रो का सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (04) प्रेमनगर का सेक्टर अधिकारी श्री आलोक कुमार सिंह एवं श्री विषाल प्रसाद को बनाया गया है। जिनके मतदान केंद्रो का मुख्यालय क्रमशः केतका (06) व (26) प्रेमनगर है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक (05)-भटगांव का सेक्टर अधिकारी श्री विनोद दुबे जिनके मतदान केंद्रो का मुख्यालय सिलफिली (38) को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### गैस सिलेंडर लोड ट्रक की टक्क र से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग में एक बार फिर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की स्थल पर मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कटघोरा-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में पाली थाना अंतर्गत ग्राम घुईचुआं के पास बुधवार को यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि जटगा नवापारा में निवासरत बाबूलाल, ग्राम सुरका सपलवा में रहने वाले किताब सिंह और कारीमाटी निवासी रागी कुमार के साथ रकम आहरण करने पाली आया हुआ था। यहां काम निपटा कर तीनों वापस जटगा चले गएए वहां से पुनः वापस पाली की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलके 7132 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठे किताब सिंह और रागी कुमार छिटक कर दूर जा गिरे, जबकि बाबूलाल पहिया के नीचे आ गया। मौके पर ही बाबूलाल की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पाली पुलिस घटनास्थल पहुंची। घायल दोनों ग्रामीणों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया। मामले में पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। यहां बताना होगा कि इस मार्ग में लगातार घटनाएं हो रही है और लोगों की जान जा रही है। पुलिस द्वारा ब्लैक स्पाट का चयन कर दुर्घटना रोकने उपाय किए जा रहे हैं, पर वाहनों की तेज रफ्तार की वजह से दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही है।

---

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सेल का करवाया अवलोकन

# राजनीति दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय एवं लेखा के संबंध में दी गई जानकारी

**नन्दू यादव**





**सूरजपुर भारत भास्कर** विधानसभा 2023 सामान्य निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दल तथा उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गए हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधि निर्वाचन की अवधि तक व्यय अनुवीक्षण सम्बन्धी विवरण के संबंध में मूलभूत जानकारी रखें इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित जनों को बताया गया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित वैधानिक प्रावधानों का सभी को पालन करना है। जिसके अंतर्गत उन्हें प्रमुख कानूनी प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित जनों को बताया गया कि निर्वाचन व्यय के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पृथक बैंक खाता खोला जाना अनिवार्य है और सभी निर्वाचन व केवल इसी बैंक खाते से किए जाएंगें। अभ्यर्थी द्वारा बना कर रखे जाने वाले निर्वाचन व्यय रजिस्टर के संबंध में भी उन्हें जानकारी दी गई। निर्वाचन के खर्चों के दैनिक लेखा का रजिस्टर, कैश तथा बैंक रजिस्टर भरने की प्रक्रिया से भी उन्हें अवगत कराया गया। अभ्यर्थी की ओर से अतिरिक्त निर्वाचन एजेंट की नियुक्ति के संबंध में भी उन्हें बताया गया। स्टार प्रचारक को सुबह के संबंध में भी महत्वपूर्ण बिंदु बताए गए।

निर्वाचन की अवधि के दौरान उन्हें किन-किन नियमों का पालन करना है। इसी के तहत उपस्थित जनों को नाम निर्देशन, नाम निरीक्षण की तारीख से परिणाम की घोषणा व परिणाम की घोषणा के पश्चात अभ्यर्थियों के लिए क्या-क्या दिशा निर्देश हैं। उनकी सूची उपलब्ध करायी। इसी क्रम में राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन की घोषणा के पश्चात, नाम निर्देशन की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा व परिणाम की घोषणा के पश्चात के दिशा निर्देश की सूची उपलब्ध कराई। इसके साथ ही बैठक के तुरंत उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों को संयुक्त जिला कार्यालय भवन में निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए बनाए गए विभिन्न सेल का अवलोकन कराया गया। जिसमें नामांकन फार्म लेने, भरने व नाम वापसी लेने तक की प्रक्रिया किस-किस कक्ष में संपादित होगी इसकी जानकारी उन्हें दी गई। इसके साथ ही सी विजिल, एमसीएमसी सेल, ईईएम कंट्रोल रूम से भी उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा वह अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

---

## मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत ओड़गी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निकाली कलश यात्रा

**नन्दू यादव**



**सूरजपुर भारत भास्कर।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतगर्त भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में कार्यक्रम समन्वयक एस एन पाण्डेय के मार्गदर्शन में और जिला संगठक व प्राचार्य सी. बी मिश्र के संरक्षण में तथा कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सातपुते के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी में किया गया इस कड़ी में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी रंजीत सातपुते द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत छ. ग.राज्यगीत के साथ की गई तत्पश्चात कलश यात्रा वीरों का सम्मान अमृत वाटिका के निर्माण का उद्देश्य और उसकी सार्थकता पर प्रकाश डाला व कलश यात्रा का प्रारम्भ महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी व छात्र- छात्राओं अपने गाँव घर से लाई मिट्टी और चावल को कलश में डालकर किया गया साथ हीं देशभक्ति नारों.गीतों की गूंज के साथ कलश यात्रा प्रत्येक कक्षा व महाविद्यालय परिसर में घुमाई गई व आईटीआई ओड़गी के छात्र छात्रों ने भी मिट्टी चावल डाल कलश यात्रा का स्वागत किया तत्पश्चात विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ को महाविद्यालय में पंच प्रण शपथ दिलाई गई इस कार्यकम के सफ्ल आयोजन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनुराधा तिर्की. दिनेश कैवत्तर्य हरीश पात्रे सुखदेव सांडिल्य, राहुल सोनी. सीता, गंगाराम साहू व स्वयंसेवक अमृता यादव ,अशोक राजवाड़े महेंद्र राजवाड़े रामसेवक,प्रेमशंकर,इंदु, शालू लालबहादुर अंजलि अन्य कर्मचारी की महति भूमिका रही।

## श्रमिकों ने ली शपथ, कहा शत् प्रतिशत करेंगे मतदान





**बिलासपुर।** 13 अक्टूबर 2023 को जिले में शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारे के साथ मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बृहस्पति बाजार स्थित श्रमिक सदन में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए मतदाता शपथ सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने दिलाई। कार्यक्रम में श्रमिकों का उत्साह देखते बन रहा था। श्रमिकों ने शपथ ली कि लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए इस महापर्व में बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने स्वयं के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। नववधुओं एवं नए मतदाताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पीओ ओम पाण्डेय, सहायक श्रमायुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद थे।

## कलेक्टर ने आयकर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एफएसटी, एसएसटी, और एक्साइज दल की हुई बैठक

**नन्दू यादव**





**सूरजपुर भारत भास्कर** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आयकर विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एफ्एसटी, एसएसटी, और एक्साइज दल की बैठक रखी थी। जिसमें उपस्थित जनों को निर्वाचन के दौरान की जाने वाली कार्यवाही व उनके क्षेत्राधिकार से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफ्एसटी दल को बताया कि चेकिंग के दौरान संदेहास्पद प्राप्त राशि (कैश) और वस्तु (पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री, मदिरा, ड्रग्स इत्यादि) पाये जाने की स्थिति में जो मतदाता को प्रलोभित करने की श्रेणी में आएगा, उसकी जप्ती कर आवश्यक कार्रवाई करना दल की जिम्मेदारी होगी। इस अवसर पर आयकर विभाग से आए हुए अधिकारियों ने बताया कि 10 लाख के ऊपर की धनराशि यदि कोई व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा है तो उस स्थिति में एफ्एसटी टीम को त्वरित कार्रवाई करते हुए, वीडियो बनवाना है इसके साथ ही कार्यवाही का विवरण भी तैयार करना है। इसके पश्चात आयकर विभाग को सूचना देनी है।इसके साथ ही उन्होंने कैश लाने ले जाने के सम्बंध में अन्य जानकारियां भी उन्हें उपलब्ध करायी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि निर्वाचन के लिए प्रलोभन वाले सामग्री या राशि पर ही दलों को नजर रखनी है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित हो इसके लिए सभी को निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आई.कल्याण एलिसेला, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में व्यापमं द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 15 को

### परीक्षा के सफ्ल आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षक किए गए नियुक्त

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा विभिन्न भर्ती परीक्षा 15 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे एवं दोपहर 02 बजे से 04:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा हेतु 24 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु 04 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम पाली में 7,412 तथा द्वितीय पाली में 1,148 परीक्षार्थी शामिल होंगें। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। परीक्षा के सुचारू आयोजन हेतु प्रशासनिक पर्यवेक्षकों की बैठक 14 अक्टूबर को शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर, रिजर्व आब्जर्वर, केंद्राध्यक्षों एवं उड़नदस्ता दलों की उपस्थिति अनिवार्य है। कलेक्टर सौरभ कुमार के दिशा-निर्देश में परीक्षा के सुचारू संपादन व जिला कोषालय कोरबा से परीक्षा केन्द्र के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने व परीक्षा समाप्ति पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य सामग्री अपने निगरानी में सील कराकर समन्वयक केंद्र में जमा करने हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रशासनिक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

---

# 15 को विराजेंगी माता रानी, तैयारियां हुई लगभग पूर्ण

**नन्दू यादव**




**सूरजपुर भारत भास्कर ओड़गी ब्लॉक** मुख्यालय ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत धरसेड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव युवक दुर्गा मंडल के द्वारा शारदीय नवरात्र में धूम धाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा । समिति के द्वारा दुर्गा पूजा आयोजन का तैयारी लगभग पूर्ण कर लिया गया आज शाम तक माता रानी का आगमन हो जाएगा । शारदीय नवरात्र में विधिविधान से माता रानी का स्थापना कर मंत्रोच्चार से पूरा गाँव भक्तिमय होगा । ग्राम पंचायत धरसेड़ी का दुर्गा पूजा हर वर्ष अपने ब्लॉक में आकर्षण का केंद्र रहता है ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर गाँव मे पूजा आया आयोजन होने पर 7 8 पंचायत के ग्रामवासी पूजा में भक्ति भाव से माता रानी का पूजा कर आशीर्वाद लेते हैं।

**तीन दिन तक चलेगा रामचरित्र मानस गायन वादन प्रतियोगिता**- मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर समिति के द्वारा तीन दिनों का रामायण प्रतियोगिता कराया जा रहा है । रामायण प्रतियोगिता में क्षेत्र के सभी रामायण मंडली , बाल मंडली , महिला मंडली भाग लेंगी जिससे ग्राम धरसेड़ी का वातावरण और भक्तिमय होगा । प्रतियोगिता में मानस मंडली का प्रथम पुरस्कार 5100 द्वितीय पुरस्कार 3100 तृतीय पुरस्कार 2100 रखा गया है । महिला मंडली व बाल मंडली का प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमशः 3100 , 2100, 1500 रखा गया है इस आयोजन को लेकर पूरे गांव सहित आसपास के लोगो मे भक्ति भाव का एक अलग ही उमंग दिख रहा है सभी लोग अपने स्तर से समिति का सहयोग कर रहें है ।

**रामायण प्रतियोगिता के समापन पश्चात होगा करमा प्रतियोगिता का भी आयोजन**- जानकारी अनुसार समिति के द्वारा दिनांक 20-10-2023 को करमा प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जा है जो ग्रामवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा करमा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरुस्कार क्रमशः 3100 , 2100 , 1500 रखा गया है ।

**शारदीय नवरात्र में पंचमी से शुरू होता है भंडारे का आयोजन**- दुर्गा पंडाल धरसेड़ी के पुरोहित पंडित संदीप दुबे के द्वारा पिछले 11 वर्षों से लगातार। पंचमी तिथि को भंडारे का शुरुवात किया जाता है । ग्राम के महिला समूह , दुध संघ , नव युवक दुर्गा मंडल समिति सहित सभी के द्वारा भंडारे का आयोजन भक्ति भाव के साथ करते हुए भव्य रूप से शारदीय नवरात्र का आयोजन पूर्ण होता है इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिभाव से सराबोर रहता है ।

इस समिति में जगदेव यादव ,कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव,कोषाध्यक्ष शिवप्रताप नेताम ,सचिव श्यामलाल यादव, अरविंद देवांगन, रामेश्वर साहू, चेतराम आयाम (सरपंच) रोहन देवांगन , विवेक यादव ,शशि सिंह ,संतोष यादव , जय प्रकास साहू, अशोक साहू , राजेन्द्र सिंह ,मोती सिंह , लालजीत पंडो , करणसाय , रामाशंकर यादव , रामदुलारे सिंह , श्यामलाल सकत , दयाशंकर यादव , बजरंग सिंह , जानू यादव , विकेश सिंह सहित दुर्गा पूजा के सभी सदस्य, गणेश पूजा समिति व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग के संपन्न होता है ।

नवयुवक दुर्गा मंडल धरसेड़ी के द्वारा पिछले 13 वर्षों से भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन कराया जाता है मुख्यालय से दूर होने के कारण आसपास के सभी ग्राम पंचायतों के लोगो के द्वारा पुजा में यथासंभव सहयोग मिलता है जिससे हमारा आयोजन पूर्ण रूप से भव्यता के साथ संपन्न होता है-

**जितेंद्र यादव**
**अध्यक्ष नव युवक दुर्गा मंडल धरसेड़ी**

# पांडेय जी और रोजमर्रा की जिंदगी के टोटके



व्यंग्य
लालित्य ललित

कहते है भाई साहब! कि समय का मान सम्मान अवश्य करना चाहिए,और जो नहीं करता वह हमेशा घाटे में रहता है,ऐसा चाचा चक्कन ने बिरजू के लौंडे पिंटू को कहा और वह भी भरे बाजार में।जब से विलायती राम पांडेय को पता चली कि समय का महत्व कितना घनेरा होता है! वह तभी से सकलेचा की बेटी दीपाली श्2 सपने बड़े आत्मीय भाव से लेने लगे।और इसकी खबर पीलू ने देविका गजोधर को बता दी,तब से टिप्सी मुटरेजा और देविका में साठ गांठ हो गई, कि इस शनिवार को पांडेय जी का शनिचर उतार का ही दम लेंगे।

उधर पांडेय जी इन दोनों स्वप्न सुंदरियों से बेखबर सोने में व्यस्त थे कि अचानक से रचनात्मक मूड में आ गए,और जो क्या बताएं जब सपने आते है न! तो वह जगह,प्रदेश नहीं देखते।उनका काम है आना और आते रहना,जिसका स्वागत अपने पांडेय जी दिल खोल कर करते है।

अभी मुलायज़ा फ़रमाए पांडेय जी की नई कविता का

समय / लालित्य ललित  
समय का क्या है  
वह बलवान है  
बाहुबलियों से भी अधिक  
और पैसे वालों से ज्यादा उसकी तूती बोलती है  
कब कहां और किस की बोलती बंद कर दें  
सांस रोक दें और  
जड़ से चुप करवा दें  
कोई नहीं जानता  
इसलिए आप बेशक फन्ने खां हो  
बहुत बड़ी मिसाइल या तोप हो  
उससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता  
वह अच्छे अच्छे का बैंड बजाने में कामयाब है  
इसलिए समय से डरना सीखो  
यदि आप समय से डरते है तो आप श्रेष्ठ है  
अन्यथा कबाड़!  
समझना इस बात को  
अनुभव से कही गई बात जाया नहीं जाती  
हरि ?।

पांडेय जी अपने सपने में खोए है उनकी बला से क्या खोया और क्या पाया! वैसे उनका मानना है कि जीवन में आसानी से कभी

कुछ नहीं मिलता यह बात मान लेनी चाहिए; कभी कुछ महंगा हो गया।कभी कुछ।

हालत यह है कि गैस का सिलेंडर कभी महंगा होता है कभी आलू का भाव किचेन में गायब! अब तो लगता है कि वैश्विक युद्ध खाने पीने की वस्तुओं को लेकर ही लड़ा जाएगा।वह दिन दूर नहीं जब भगवान से निर्मित आदमी की गुटबंदी कहां स्पीड ब्रेकर लगाएंगी! वैसे अंदर की बात है,यहां बाहुबली,पैसे वाले भी बेकार है जब आप अस्पताल के किसी आई सी यू में धवस्त हो,सोच कर देखिए,जब आप का अकल दाड़ त्राहि माम कर रहा हो,और आप दर्द से कराह का कथक करने पर आमादा हो।इसलिए भगवान से डरना चाहिए, अजी साहब आज के जमाने में डरता कौन है!

पांडेय जी लगभग जान चुके है कि जमाना बहुत तेजी से करवट ले रहा है।जिसको जो लेना हो,वह ले,हमारी बला से! कह कर पांडेय जी अंतर्ध्यान हो गए,वह आजकल मेडिटेशन करने लगे है,कोई बता रहा था कि यह राम धुन है जो प्रभु से आपकी प्रीत को एक दम सटा कर लगा देती है।कसम राम लुभाया की,इस बात को अपने राधेलाल शर्मा भी मानते है, अरे वही टीटू के पापा जिनका लौंडा दसवीं में दो बार रह गया था,वह क्या बताएं! लपकुराम की लौंडिया का असर हुआ,कुछ ज्यादा ही। महल्ले में लपकुराम की नाक जो कटी,वैसे ही जैसे रामकिशन पुनिया ने कल्लू कालिया की पतंग सद्दी से काट कर पूरे महल्ले में हल्ला मचा दिया था।

बहरहाल जिसकी लड़की जहां जाएं,इतराएं,हमें क्या!

वैसे भी किस्मत ओए खेला है साहब! उसमें आप और हम क्या कर सकते है!

समझ रहे हो न!

कसम बेपेंदी के लौटे की,और लौटा होता है वह लुडकता बहुत है,कभी यहां और कभी वहां।

कल जब असंतुष्ट कुमार नहीं आएं तो बेचैनी सी रही,कई बार दयाल बाबू ने पूछ लिया और एक बार लल्लू भईया ने भी,क्योंकि सुबह की चाय वही पिलाया करते है।सब प्रभु की माया है और माया बड़ी मायावी हुआ करती है,कोई अपने को व्यक्तिगत न माने।

कुछ बातें और करेंगे,विस्तार से,अभी मूड पांडेय जी का उतना अच्छा नहीं है।

पांडेय जी ने तीन दिन का अवकाश ले लिया; पिछली बार पांडेय जी की दो छुट्टियां लेप्स हो गई थी,इस बार उन्होंने ठान लिया कि कुछ भी हो जाएं,इस बार छुट्टियां खराब नहीं जाने देंगे।उन्हें क्या पता था कि किसी की नजर लग जाएगी!

थोड़ा मौसम नसाज हुआ और थोड़ी पांडेय जी की सेहत। अब उन्होंने तीन छुट्टियां ले ली आगे शनिवार और रविवार मिल जाएंगे तो सेहत भी ठीक रहेंगी,बाकी राम राखा।

इधर रामप्यारी ने कसम उठा ली थी कि पांडेय जी को दुरुस्त कर के ही रहूंगी।बस फिर क्या था,रामप्यारी और चीकू मिल गए,बल्ड प्रेशर की मशीन मंगवाई गई। पांडेय जी समझ गए कि मां बेटे का अंकुश रहेगा तो हो सकता है कि पांडेय जी जल्द ठीक हो जाएं।

उधर बिटिया ने बादशाह खान की एक चर्चित फिल्म की टिकट बुक करवा दी,पापा चलेंगे तो जल्द ठीक भी हो जाएंगे। पांडेय जी ने कहा कि मैं फिल्म देखने नहीं जाऊंगा,ऊपर से इतना प्रेशर शोर का होगा,वह अफोर्ड करना ठीक भी नहीं होगा,और न्याय संगत भी नहीं होगा।लिहाजा उन्होंने मना कर रिया।इधर रामप्यारी ने अपनी सहेली को मना लिया कि बहन चलो तुम भी क्या याद करोगी,अपन भी जवानी के दिन जी लें।

पांडेय जी घर पर है।शांत है,सकुशल है। लेकिन उनका दिमाग चलता रहा,कभी उनके पांव किचेन में होते तो कभी बरामदे में।किचेन में गए तो खजूर उठा लाए,वे भी गिनती के तीन।बगल में ब्लड प्रेशर की मशीन रखी देख खुश हो जाते,इससे पत्नी का एहसास साथ में बना रहता। पांडेय जी के मन में है कि घर पर

रहेंगे तो जल्द ठीक हो जाएंगे।उन्होंने प्रण किया कि मोबाइल को दूर रखेंगे और टेलीविजन बिलकुल नहीं चलाएंगे।कुछ हद तक प्रण कामयाब भी रहा।

पांडेय जी को बचपन से ही लिखने का और खाने का शौक था,यही कारण है कि उनके जीवन में लेखन से होने से जीवन भी उत्कृष्ट बना रहा।

पांडेय जी ने लेटे लेटे यह सोचा कि जो भी मनुष्य किसी को भी अपमान या कड़वे वचन बोल कर अपमानित करता है तो यह उसका भाव दर्शाता है कि उसका सम्मान सामने वाले के समक्ष बिलकुल भी फिट नहीं बैठता,इसलिए वह अपमान के मौके खोजता है,लेकिन समय बड़ा बलवान होता है वह ठीक समय पर दुष्ट प्राणी को सबक अवश्य सिखाएगा,यह तय है,इस बात को स्वीकार भी करना चाहिए।

आज पांडेय जी रामप्यारी के कहने पार्क की सैर को निकल गए; वहां जाकर महसूस किया कि सुबह की ताज़गी की बात ही निराली है और जो उनके मन को भा रही थीं।

अब उनकी समझ में आया कि क्यों रामप्यारी उन्हें पार्क में भेजना चाह रही थीं। पांडेय जी वहां गए और अपने मन की एक्सरसाइज भी की और कुछ लोगों से बात कर अपने को तरोताजा पाया।

जिंदगी का निष्कर्ष बताता है कि कभी कभार जीवन में अपने को भी टहलाना चाहिए ;ऐसा करने से मन एक्टिव मॉड पर आता है और कहते है कि सुंदर विचरण मन को शक्तिशाली तो बनाता ही है और साथ ही जीवन मूल्यों के प्रति आस्थावान भी।

विलायती राम पांडेय आज अपने मित्रों को भी याद करने लगे जिनमें उनके बचपन के युवावस्था के भी अनेक लोग शामिल थे,कुछ मिलें भी और कुछ कहीं दूर निकल गए।यही तकाजा है और जीवन का मूल मंत्र भी यही है,जिसका निर्वाह करते हुए आगे चलते चले जाना है।

रामप्यारी ने कहा भी कि कहीं कोई समस्या तो नहीं,आजकल आप खोए खोए से रहते हो! पांडेय जी ने कहा,नहीं देवी ऐसी कोई बात नहीं।

कहते हुए पांडेय जी अपने कमरे में चले गए और पुराने गानों को लगा लिया,उन्हें लगता है कि जीने के लिए पुराने गानों का होना बेहद जरूरी है।

## संपादकीय

# फिर परमाणु अस्त्रों की होड़?

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया में बढ़ते जा रहे तनाव के बीच यह ठोस आशंका पैदा हो गई है कि दुनिया को एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक होड़ से गुजरना पड़ सकता है। 1980 के दशक के मध्य में मिखाइल गोर्बाचेव के सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव बनने के साथ दुनिया में कुछ अप्रत्याशित-सा हुआ था। तनाव भरे शीत युद्ध में अचानक ऐसा बदलाव शुरू हुआ, जिससे परमाणु एवं अन्य हथियारों की होड़ पर विराम लगा और एक समय तो निरस्त्रीकरण की उम्मीदें मजबूत होने लगी थीं। लेकिन अब वह सारा ट्रेंड पलटता नजर आ रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया में बढ़ते जा रहे तनाव के बीच यह आशंका पैदा हो गई है कि दुनिया को एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक होड़ से गुजरना पड़ सकता है। पिछले हफ्ते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दो टूक कहा कि तीन दशक अब रूस फिर से परमाणु परीक्षण कर सकता है। इसका अर्थ होगा कि रूस परीक्षण प्रतिबंध मौजूदा संधि को तोड़ देगा। 1996 में पूर्ण परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर के बाद अमेरिका और रूस दोनों ने परीक्षण करने बंद कर दिए थे। तब से दुनिया में दस परमाणु परीक्षण हुए हैं, लेकिन ये सभी उन देशों ने किए हैं, जिन्होंने बाद में परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल की। इस दौर में दो परीक्षण भारत ने किए। फिर पाकिस्तान ने भी दो परीक्षण किए। बाकी छह परीक्षण उत्तर कोरिया ने किए हैं। उधर अमेरिका ने अपना आखिरी परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। चीन और फ्रांस ने 1996 में अपने आखिरी परीक्षण किए थे। रूस ने 1990 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण अब तक नहीं किया है। लेकिन अब अंदेशा यह है कि बड़ी परमाणु शक्तियां फिर से परमाणु परीक्षणों की होड़ में उतर सकती हैं। जाहिर है कि अगर रूस ने परीक्षण किए, तो जवाब में अमेरिका भी ऐसा करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक परमाणु परीक्षण करने का मकसद सूचनाएं जुटाना और संकेत भेजना भी होता है। परीक्षणों के जरिये पता लगाया जा सकता है कि पुराने परमाणु हथियारों में कितना दम बचा है या नए हथियार कितने ताकतवर होंगे। इससे अधिक मारक हथियारों को बनाने का रास्ता खुलता है। यह निर्विवाद है कि यह एक खतरनाक दिशा है, जिसकी तरफ दुनिया बढ़ती दिख रही है।

# इमोशनल कार्ड नाकाम हुआ

चूंकि धारा 370 हटाए जाने के बाद जनमत की पहली अभिव्यक्ति का मौका लद्दाख में ही आया, इसलिए इन चुनावों पर सारे देश की नजर थी। साफ है, वहां हुए इम्तिहान में भाजपा नाकाम रही। अब देखने की बात होगी कि क्या जम्मू-कश्मीर में नतीजा इससे अलग होगा? लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद- करगिल के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बुरी हार का संदेश साफ है। धारा 370 को खत्म करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार ने वहां विकास की जो ऊंची उम्मीदें जताई थीं, वे जमीन पर नहीं उतरीं। यहां ये बात जरूर याद कर लेनी चाहिए कि अगस्त 2019 में उठाए गए उस कदम का लद्दाख में उत्साह से स्वागत किया गया था। लद्दाख वह इलाका है, जहां उसके पहले भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा होने को लेकर जब-तब असंतोष उभरता रहता था। लेकिन धारा 370 की समाप्ति के चार साल बाद वहां के लोगों का मोह भंग हो गया नजर आता है। इसके संकेत पहले से थे। संभवतः वहां बढ़ते गए असंतोष में कुछ भूमिका अप्रैल 2020 के बाद लद्दाख सीमा पर चीन की फौज के कथित अतिक्रमण की भी है। हालांकि भारत सरकार ने चीन की घुसपैठ की बात का बार-बार खंडन किया है, लेकिन लद्दाख के लोगों का प्रत्यक्ष अनुभव कुछ और है। उनकी भावनाएं कई बार मीडिया रिपोर्टों से जरिए सामने आई हैं। जिन इलाकों में चुनाव हुए, वहां बेशक मुस्लिम आबादी काफी है। लेकिन उन क्षेत्रों में बौद्ध और हिंदू आबादी भी है। इसलिए वहां से आए चुनाव नतीजों को सिर्फ मजहबी आधार पर हुए ध्रुवीकरण का परिणाम नहीं कहा जा सकता। अगर सिर्फ मुस्लिम मतदाता ही भाजपा के खिलाफ होते, उसे 26 निर्वाचित सीटों में से सिर्फ दो नहीं मिलतीं। इसलिए इन नतीजों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भावनात्मक कार्ड कुछ समय के लिए लोगों में उत्साह भर सकते हैं, लेकिन उनका असर स्थायी नहीं होता। दूसरा संदेश संभवतः यह है कि जब रोजी-रोटी और विकास की कसौटी पर प्रदर्शन निर्णायक पैमाना बन जाए, तो वर्तमान भाजपा सरकार के लिए लोगों के बीच अपने लिए समर्थन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। चूंकि धारा 370 हटाए जाने के बाद पहली बार लद्दाख में ही जनमत की अभिव्यक्ति होनी थी, इसलिए इन चुनावों पर सारे देश की नजर थी। साफ है, वहां हुए इम्तिहान में भाजपा नाकाम रही। अब देखने की बात होगी कि क्या जम्मू-कश्मीर में नतीजा इससे अलग होगा?

# भूटान से भी झटका?

भूटान के प्रधानमंत्री ने बताया है कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन संभव हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है। भूटान भारत को एक तगड़ा झटका देने की तैयारी में है। वहां के प्रधानमंत्री लोताय त्सेरिंग ने भारत के एक अंग्रेजी अखबार में एक ऐसी जानकारी दी, जिससे भारतीय विदेश नीति प्रतिष्ठान की नींद उड़ जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जो ऐसी टिप्पणियां भी की हैं, जो भारत के नजरिए से चिंताजनक हैं। त्सेरिंग ने बताया कि चीन के साथ भूटान की सीमा वार्ता अपने आखिरी दौर में है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमांकन हो जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत चीन के साथ भूटान कुछ इलाकों की अदला-बदली भी कर सकता है। उनकी बातों से संकेत मिला कि भूटान दोकलाम के पास उस क्षेत्र को चीन को देने पर राजी हो जा सकता है, जो भारत-भूटान-चीन के ट्राइ-जंक्शन पर है। त्सेरिंग से जब चीन से चल रही वार्ता के बारे में भारत को भरोसे में लेने संबंधी सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि उनका देश किसी समस्या का हल इस तरह निकालना चाहता, जिससे एक दूसरा मसला खड़ा हो जाए। लेकिन इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों बड़े पड़ोसी देशों के साथ भूटान के ऐसे रिश्ते हैं, जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। भारत-भूटान संबंध की पृष्ठभूमि से परिचित किसी व्यक्ति के लिए यह टिप्पणी इसलिए चिंता का विषय होगी, क्योंकि इसके जरिए त्सेरिंग ने भारत और चीन दोनों के साथ भूटान रिश्ते को समान धरातल पर बता दिया। जबकि पारपंरिक रूप से भूटान खुद को भारत के प्रभाव क्षेत्र में मानता रहा है। उनकी अगली टिप्पणी भूटान के वर्तमान दृष्टिकोण और भी ज्यादा स्पष्ट करने वाली रही। उनसे पूछा गया कि क्या भूटान अपनी विदेश नीति में परिवर्तन ला रहा है, तो उन्होंने कहा कि हर देश को गतिशील विदेश नीति अपनानी चाहिए, जिसे वह अपने हितों के मुताबिक एडजस्ट करता रहे। जाहिर है, अब भूटान चीन के साथ अपने संबंध को अपने हितों के मुताबिक उस समय समायोजित कर रहा है, जब भारत और चीन के बीच भू-राजनीतिक होड़ तेज होती जा रही है। और ऐसा उस समय हो रहा है, जब भारत नरेंद्र मोदी सरकार की 'मर्दाना' विदेश नीति पर चल रहा है।

# मायावती अपने पत्ते अभी नहीं खोलेंगी



बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती भले अभी कह रही हैं कि वे भाजपा के गठबंधन एनडीए और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से समान दूरी रखेंगी लेकिन असल में यह उनका अंतिम स्टैंड नहीं है। यह एक पोजिशनिंग है, जो अभी के समय के हिसाब से की जा रही है। मायावती अगले साल के लोकसभा चुनाव को लेकर अपने पत्ते अभी नहीं खोलने जा रही हैं। बसपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि मायावती अगला लोकसभा चुनाव किसी गठबंधन में शामिल होकर लड़ेंगी या अकेले लड़ेंगी इस बारे में वे अपने जन्मदिन के मौके पर यानी 15 जनवरी को कोई बड़ी घोषणा कर सकती हैं। आमतौर पर मायावती का जन्मदिन बड़े राजनीतिक महत्व का होता है। अगले साल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आ रहा उनका जन्मदिन और अहम हो गया है। बताया जा रहा है कि मायावती ने पिछले दिनों कुछ नेताओं को इसका संकेत दिया है कि वे अगले साल जनवरी में कोई बड़ी घोषणा करेंगी। ध्यान रहे कई पार्टियों के नेता उनसे गठबंधन के लिए संपर्क कर रही हैं। कांग्रेस और भाजपा के अलावा समाजवादी पार्टी भी उनके संपर्क में है। घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में मायावती ने उम्मीदवार नहीं दिया था, जिसका फायदा सपा को हुआ था। सपा ने इसके लिए उनको धन्यवाद भी दिया। उससे पहले जुलाई में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर उनको बधाई देकर मायावती ने सद्भाव दिखाया था। सो, दोनों पार्टियों के बीच ऐसा नहीं है कि सब कुछ खत्म हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव के जैसे तालमेल से इस बार भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ध्यान रहे पिछले चुनाव में सपा से तालमेल का सीधा फायदा बसपा को हुआ था। बहरहाल, बसपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक मायावती के जनवरी तक फैसला टालने के पीछे दो कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि नवंबर में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं, जिनके नतीजे दिसंबर में घोषित होंगी। वे देखना चाहती हैं कि विपक्षी गठबंधन खास कर कांग्रेस पार्टी का इन चुनावों में क्या प्रदर्शन रहता है। इन नतीजों के आधार पर वे अपने विकल्पों का आकलन करेंगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस भी तालमेल के लिए बसपा के संपर्क में है और प्रियंका गांधी वाड्रा ने मायावती के भतीजे आकाश आनंद से बात की है। अगर कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होता है और मायावती को लगता है कि कांग्रेस का वोट उसकी ओर वापस लौट रहा है तो वे उस हिसाब से तालमेल का फैसला करेंगी। दूसरा कारण यह है कि वे सरप्राइजए एलीमेंट रखना चाहती हैं। अभी से तालमेल की घोषणा के कई नुकसान हैं। पहला नुकसान तो यह हो सकता है कि केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी, जिसकी आशंका काफी समय से जताई जा रही है और कहा जा रहा है कि इस वजह से ही मायावती निष्क्रिय हैं। दूसरा नुकसान यह है कि भाजपा को नए सिरे से तैयारी का मौका मिल जाएगा। अगर वे 15 जनवरी को घोषणा करती हैं तो वह चौंकाने वाला होगा क्योंकि फरवरी या मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा होनी है।

# इजरायल-फिलिस्तीन में संघर्ष नया तनाव एवं युद्ध

**विकास कुमार**



वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में असामयिक परिवर्तन के आयाम विकसित हो रहे हैं । विश्व में कई ऐसे विवादित सीमाएं और स्थान यही जिनका निर्णायक निराकरण अभी तक नहीं हो सका है । भू-राजनीति के संदर्भ में समाओं के विस्तार की होड और धार्मिक उन्मादों नें मानवता को शून्यता की श्रेणी में रख दिया । विगत कई महीनों से यूक्रेन-रूस विवाद चल रहा जो अभी तक चल रहा है। फिर से से एक नया विवाद वेस्ट एशिया में उभरा है जो इजरायल और फिलिस्तीन के मध्य है । पिछले दिनों अचानक फिलिस्तीन के संगठन हमास और लेबनान के संगठन हाजिबुल्लाह नें अचानक 5 हजार से अधिक राकेट से हमला किया जिसमें कई इस्राइल नागरिकों की मृत्यु हो गई और कई इमारते ढह गई । इससे इस्राइल नें भी आधिकारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दिया है । दोनों ओर 1 हजार से अधिक नागरिकों के मौतें हो चूकि है । यह विवाद लगभग 73 वर्ष पुराना है। आज तक यह विवाद सुलझ नहीं पाया। महाशक्तियां इसमें अपना - अपना राष्ट्रीय हित देखती हैं। जिस कारण से आज पश्चिमी एशियाई देशों में अस्थिरता बनी हुई है। दोनों देशों के मध्य विवाद के चलते तनाव के कारण युद्ध होते रहते हैं। युद्ध किसी भी जाति ,समुदाय ,वर्ग एवं देश के लिए नहीं अपितु संपूर्ण मानवता के लिए हानिकारक है। आधुनिकता में युद्ध की रणनीति में भी परिवर्तन हुआ है। तकनीकी और प्रौद्योगिकी के विकसित स्वरूप में एक क्षण में करोड़ों लोगों को मारा जा सकता है। इसे रोकने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समझौते हुए ,परंतु महा शक्तियों के एकल रवैया के कारण यह संपन्न नहीं हो सका। युद्ध में कई परिवार बर्बाद हो जाते हैं , बच्चे अनाथ हो जाते हैं, महिलाएं विधवा हो जाती हैं, और राष्ट्रीय विकास और चरित्र निर्माण का स्तर भी कमजोर हो जाता है। इसमें कौन सही है या कौन गलत यह तो बाद का प्रश्न होता है परंतु जिन सामान्य नागरिकों की हत्याएं इसमें होती है इसका परिणाम केवल दोनों पक्षों के नागरिक ही जानते है । इजरायल और फिलिस्तीन के बीच पिछले कुछ दिनों से ऐसे ही युद्ध चल रहे हैं। दोनों देशों में भयावह स्थिति हैं। बच्चे चीख चिल्ला रहे हैं , लोग बेघर हो गए हैं , घायल और पीड़ित तड़प रहे हैं, दैनिक जीवन से जूझता कामगार वर्ग छिपा बैठा है और कर्मचारी काम छोड़कर अपनी जान बचाने में लगा है। आखिर यह बर्बादी का रास्ता मानवता को किस ओर ले जा रहा है। हम भविष्य की पीढ़ियों को क्या सीख दे कर जा रहे हैं? यह बातें उन महत्वकांक्षीयों के समझ के परे हैं। इन देशों के विवाद का मूल कारण येरूशलम (तकरीबन 35 एकड़ क्षेत्र) है। जो ईसाई, यहूदी एवं मुस्लिम तीनों धर्म का पवित्र एवं प्रमुख क्षेत्र माना जाता है । तीनों धर्म - मतावलंबियों के लिए यह तीर्थ स्थल है। प्रथम विश्व युद्ध (1914 - 1918 )एवं द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) में यूरोप में अशांति और अस्थिरता के चलते भारी संख्या में यहूदियों ने इस क्षेत्र में आकर बसना प्रारंभ किया। यह क्षेत्र अरब क्षेत्र का भाग था। जब दोनों में संघर्ष चलने लगा , 1947 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने प्रस्ताव -181 पारित किया और फिलिस्तीन तथा इजरायल नामक दो राज्यों की घोषणा कर दी। इस प्रस्ताव से अरब देश नाखुश थे , मिश्र के नेतृत्व में इजरायल पर हमला कर दिया। यह विवाद तभी से बढ़ता चला गया, जो आज तक तनाव की स्थिति में बना हुआ है।

अमेरिका एवं अन्य कई यूरोपीय देश इजरायल के पक्ष में हैं। यही कारण है कि अमेरिका नें अपने कुछ लड़ाकू विमान भी , परंतु इस्राइल के सहयोग के लिए भेजा है । इजरायल ने जो आक्रमण किया वह आत्म रक्षा हेतु था। इस संबंध में यही प्रतीत होता है कि आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे विवाद की तरह इसमें भी सभी देश अपना हित देख रहे हैं। इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी तो शुरुआत है , हम उसे इतना तबाह कर देंगे कि भविष्य में आक्रमण करना भूल जाएंगे। प्रतिदिन कई मिसाइल और रॉकेट फिलिस्तीन में दागे जा रहे हैं। हमास भी इजराइल में लगातार आक्रमण कर रहा है। परंतु इजरायल तकनीकी एवं सैन्य सामग्री से अधिक संपन्न है। यही कारण रहा कि 1967 में (सिक्स डेज वार )एवं 2005 में लेबनान के विरुद्ध युद्ध में वह जीता। जब 1967 में इजरायल ने फिलिस्तीन की कई एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। इस जमीन को छोड़ने को तैयार नहीं है और वहां स्थाई बस्तियां भी निर्मित कर दी थी। 1993 में इजरायल एवं %फिलिस्तीन मुक्त संगठनों% के बीच ओस्लो शांति समझौता हुआ। इस समझौते में यह प्रावधान किया गया कि कब्जा किए गए सभी अवैध क्षेत्र वापस कर दिए जाएंगे। दोनों देश शांति के साथ रह सकेंगे। इसी बीच हमास (1987) संगठन ने इसका विरोध करते हुए इजरायल के विरुद्ध सर्वनाश की जंग छेड़ दी। दोनों के मध्य आपसी संघर्ष चलते रहे। इजराइल सीमा में बनी फिलिस्तीन बस्तियों पर सैन्य हमला करता रहता है तो हमास इजरायल में। विगत 5 दिनों से इस युद्ध में फिलिस्तीन और इजरायल में भयावह स्थिति बनी हुई है। फिलिस्तीन में लगभग 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है और 500 से अधिक इजरायल के भी जिसमें कई बच्चे शामिल हैं। यह स्थिति कब तक बनी रह सकती है, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जा सकता। क्योंकि दोनों के मध्य विवाद की जड़ पुरानी है और तनाव की स्थिति अधिक है। इजरायल का मानना है कि 1967 के पहले के प्रावधान को नहीं मानेगा, क्योंकि वर्तमान स्थिति कुछ दूसरी है। उसका यह भी कहना है कि फिलिस्तीन से गए हुए शरणार्थी वापस फिलिस्तीन नहीं आएंगे और नाही भविष्य में वह अपनी सेना रख सकता है। यह मत पूर्णतया कट्टरवादी प्रतीत होता है। इस संबंध में भारत का मत बहुत ही स्पष्ट है। भारत का कहना है कि दोनों देशों के आपसी शांति और सुलह से यह विवाद का निपटारा हो सकेगा। यही कारण रहा कि 2017 में भारतीय प्रधानमंत्री ने जब इजरायल की यात्रा की तो वहीं 2018 में उन्होंने फिलिस्तीन की यात्रा भी की। फिलिस्तीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान %ग्राउंड कलर ऑफ द स्टेट आफ पलेस्टाइन% से सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और महाशक्तियों को चाहिए कि इसमें निष्पक्ष रूप से न्यायोचित तरीका अपनाकर निर्णय निर्मित करें। सर्वप्रथम तो दोनों देशों के राष्ट्राअध्यक्षों को युद्ध स्थगित कर देना चाहिए। युद्ध स्थगित के लिए सभी देशों को दबाव डालना चाहिए , क्योंकि इससे निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। इस समस्या के समाधान का भी व्यावहारिक तरीका ढूंढना चाहिए। कट्टरवाद , हठधर्मिता और गलत रणनीति अपनाकर निपटारा नहीं किया जा सकता। युद्ध जब किसी देश में होते हैं तो आसपास के नागरिक भी इससे प्रभावित होते हैं और वह एक देश से निकाल कर दूसरे देश की ओर जाते हैं। युद्ध और हिंसात्मक तरीका कभी भी सन्मार्ग पर नहीं ले जा सकता।

**लेखक -केन्द्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं इंडियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएसन के जनरल सेक्रेटरी हैं।**

## सार-समाचार

### तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार 2 लोगों को रौंदा, हादसे में जीजा-साले की हुई मौत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है. यह दोनों रिश्ते में जीजा और साले थे. बताया जा रहा है कि भिलाई के नेवई थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार जीजा साले को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मारी और स्कूटी को लगभग से 2 किलोमीटर घसीटते ले गई. इस हादसे में जीजा और साले की मौत हो गई. इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घटना के दौरान सड़क में चिंगारी भी निकलते हुए दिखाई दे रही है. जानकारी के अनुसार, भिलाई के नेवई थाना क्षेत्र में मरोदा ओवर ब्रिज पर लगभग 120 किलोमीटर की रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन ने स्कूटी को लगभग 2 किलोमीटर तक घसीटा. घसीटते हुए स्कूटी से चिंगारियां भी निकलती रही. लेकिन पिकअप चालक ने गाड़ी नहीं रोकी. इस बीच घटना का वीडियो आसपास के राहगीरों ने बना लिया. जिसमें साफ नजर आ रहा है कि पिकअप वाहन से चिंगारी निकल रही है. वहीं अब तक पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ पाई है. बताया जा रहा है कि दो दिन पहले नेवई भाटा क्षेत्र के निवासी 30 वर्षीय दीपक गुप्ता कॉन्टैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी अपने साले चंदन गुप्ता के साथ मरोदा ब्रिज से वापस लौट रहे थे. इस दौरान एक सामने से आ रही पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मारी और इस ठोकर से दोनों का पैर कट गया. जीजा और साले जमीन पर गिरकर बेहोस गए. लेकिन स्कूटी पिकअप वाहन में फंस गई पिकअप वाहन घसीटते हुए स्कूटी को लगभग 2 किलोमीटर तक ले गई. इस बीच राहगीरों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया. वहीं आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन मंगलवार को जीजा और साले दोनों की मौत हो गई. इस घटना के बाद चंदन गुप्ता के तीन बच्चों और दीपक गुप्ता के दो बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया. वहीं पुलिस इस घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अब तक आरोपी फरार है.

### अरपा नदी में बच्चियों की मौत का मामला : हाईकोर्ट ने कहा सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं चलेगा

**बिलासपुर।** अरपा नदी सेंदरी में तीन बच्चियों की डूबने से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले में सुनवाई शुरू की है. चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने ये निर्देश जारी किया है. अवैध खनन से हुए गड्ढों में भरे पानी में डूबकर सेंदरी के पास तीन बच्चियों की मौत हुई थी. साथ ही अवैध खनन और अरपा की दुर्दशा को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई चल रही है. प्रकरण में अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी. बता दें, कि कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इसके पहले मामले की सुनवाई के दौरान बीते 22 अगस्त को शासन से पूछा था, कि नदी में अवैध खनन रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है. कोर्ट ने कहा था कि सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं चलेगा, एफआईआर भी दर्ज कराएं, कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव और खनिज सचिव को शपथपत्र के साथ जवाब देने कहा था. मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एफआईआर के संबन्ध में पूछा तो पता चला, कि अभी तक एफआईआर नहीं हुई है. इस पर कोर्ट ने इस मामले में चिन्हित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं. दरअसल, बिलासपुर के सेंदरी के रेत घाट में बीते हरेली के दिन अरपा नदी में नहाने गई 3 बच्चियों की डूबकर मौत हो गई थी, इस मामले में बच्ची के परिजन को 12 लाख रुपये मुआवजा देकर प्रशासन ने जिम्मेदारी पूरी कर ली. मामले की जांच या दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई. जनहित याचिका में कहा गया है कि अरपा नदी में अवैध उत्खनन जानलेवा साबित हो रहा है. रेत उत्खनन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों की भी खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है. याचिका में अरपा के किनारे पौधरोपण करने, अवैध घाटों को बंद करने की मांग की गई है. मामले को लेकर हाईकोर्ट में पिछली बार सुनवाई में खनिज विभाग की ओर से शपथपत्र में बताया गया कि, पिछले दो साल में 654 अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज हुए जिनमें पेनाल्टी लगाई गई है. 6 अवैध खनन के प्रकरणों पर कोनी थाने में एफआईआर भी दर्ज है. जिस पर कोर्ट ने अवैध खनन पर एफआईआर की कम संख्या होने को लेकर सवाल भी उठाए थे.

### पीएससी 2022 के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने राज्य शासन और पीएससी से मांगा जवाब

**बिलासपुर।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ पीएससी-2022 (ष्टत्रक्क्रस्ष्ट 2022) के एक मामले में सुनवाई करते हुए राज्य शासन और पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. जस्टिस अरविन्द सिंह चन्देल की कोर्ट ने सुनवाई के बाद शासन और पीएससी को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब तलब किया है और एक पद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है. गौरतलब है कि इस मामले में परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी टेकराम नाग ने याचिका दायर की है. याचिकाकर्ता ने अपने याचिका में चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए उनके मामले में जांच की मांग की है. याचिकाकर्ता ने पीएससी द्वारा आयोजित 210 पदों के इस भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र क्रमांक 4 के प्रश्न क्रमांक 12 के जवाब में नॉट आन्सर्ड मिलने पर आपत्ति जाहिर की है.

सेवा पंडाल, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था रहे चाक-चौबंद, सुरक्षा पर रहे विशेष ध्यान

# कलेक्टर ने अधिकारियों को क्वांर नवरात्रि के पहले सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

### डोंगरगढ़ में [ ांर नवरात्रि मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने डोंगरगढ़ के मां बम्लेश्वरी मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व की तैयारी के संबंध में डोंगरगढ़ छिरपानी परिसर में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि श्रद्धा एव आस्था के केन्द्र डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंचते हैं। देश, प्रदेश एवं दूर दराज से यहां श्रद्धालु एवं पदयात्री पहुंचते हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए, सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए अच्छा सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने रोपवे के मेन्टेंनेस के संबंध में जानकारी ली। रोपवे संचालक को रोपवे का फिटनेस सर्टिफिकेट देने कहा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले में चाक चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर ने पेयजल की नियमित आपूर्ति करने, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला के दौरान भीड़ की स्थिति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। पार्किंग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी होनी चाहिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने रोपवे एवं मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम डोंगरगढ़ एवं पुलिस विभाग को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य, विश्राम, चाय-नाश्ता, भोजन, पेयजल की निरंतर उपलब्धता बनी रहे। बैठक में रूट चार्ट, पार्किंग एवं अन्य जरूरी बातों के संबंध में चर्चा की गई। प्रभारी पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अच्छी व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी तरह से यात्रियों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा और बेहतर ट्रैफिक के लिए हर संभव प्रयास पुलिस द्वारा किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगढ़ गिरीश रामटेके, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सह सचिव बबलू शांडिल्य, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, सेवा पंडाल संचालक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही. पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक की आकृतियां बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश







**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरवरगंज में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन मे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज के छात्र-छात्राओं के द्वारा ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही. पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक आदि आकृतियां प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विशाल मानव श्रृंखला में उपस्थित समस्त छात्रों एवं कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लता बैक जी के द्वारा मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य, संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ साथ प्राथमिक, एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक, जन शिक्षक कीर्ति कौशल दुबे, अजय देवांगन, सुदर्शन दास एवं जय राम प्रसाद बी. पी. ओ.उपस्थित थें।

## स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया




**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम एवं जिला उपनिर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुये भटगांव विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय ओड़गी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतो से आये हुए लोगो को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया तथा लोकतंत्र में मतदान करना हर मतदाता का अधिकार है, इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है और देश को नई गति मिलती हैं। लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में एक-एक मतदाता अहम भूमिका निभाता है। इस महत्व को विस्तार पूर्वक समझाते हुए सभी मतदाताओं को शपथ मोहम्मद महमूद बी.पी.ओ. द्वारा शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अजय मरकाम जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. बंटी बैरागी खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी, श्री सखन आयाम बी.पी.एम., डी.एन. रवि, बी.ई. डॉ. दिलीप प्रधान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, यू.आर. ध्रुव, श्री महेन्द्र, श्री गोपाल प्रसाद, कविता सिंह, विवेक, सुनीता, किस्मत तथा विभिन्न ग्रामों से आये ग्रामीण जन शामिल थे।

## भगवान शंकर व माता पार्वती की मूर्ति में तोडफोड़ कर धार्मिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास





**दुर्ग।** भिलाई के कैंप 1 संतोषी पारा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने भगवान शंकर और पार्वती की मूर्ति को खंडित कर दिया है। इस घटना के सामने आते ही आसपास के लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई के कैंप 1 संतोषी पारा में बिती रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने भगवान शंकर और पार्वती की मूर्ति को खंडित कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही मंदिर के पास क्षेत्र के लोग एकत्रित होना शुरू हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल बिगड़ता देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद छावनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को सम्हाला। प्रशासन की ओर से इलाके में समाजिक धार्मिक माहौल शांत कराने चार थानों के टीआई और 25 से अधिक जवानों को तैनात किया गया था। वहीं इस घटना को लेकर हिन्दू संगठनों ने विरोध जताया है। मामले में छावनी थाना पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही है। तथा एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## रेखचंद को कांग्रेस ने दे दी टिकट तो वणिक वर्ग फेर देगा भाजपा के मंसूबों पर पानी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की निगाह बस्तर पर टिकी हुई है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में आमतौर पर यह माना जाता है कि जिसने बस्तर जीत लिया, उसने छत्तीसगढ़ जीत लिया। बस्तर में जगदलपुर विधानसभा सीट सामान्य वर्ग के लिए एकमात्र सीट है। इस सीट पर अभी कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी छत्तीसगढ़ में एक भी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। लेकिन अब तक 85 उम्मीदवार घोषित करने वाली भाजपा ने जगदलपुर से अपना उम्मीदवार किरण देव के रूप में पेश कर दिया है। अब यहां मुकाबला इस बात पर टिका है कि भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले कांग्रेस अपने मौजूदा विजेता रेखचंद को उतारती है अथवा उनका विकल्प प्रस्तुत करेगी। यदि कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी दोहरा दिया तो भाजपा को बहुत बड़ा नुकसान झेलने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। वजह यह है कि पिछले चुनाव के विजेता कांग्रेस के रेखचंद जैन और भाजपा के पराजित प्रत्याशी संतोष बाफना दोनों ही एक ही समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।भाजपा ने संतोष बाफना की टिकट काटकर किरण देव को दी है क्योंकि बाफना पिछले चुनाव में साढ़े सत्ताइस हजार मतों के भारी भरकम अंतर से हार गए थे।उनकी टिकट कटना तो तय थी लेकिन यदि सामाजिक समीकरणों की बात की जाए तो अब यदि कांग्रेस ने रेखचंद जैन को प्रत्याशी बना दिया तो वणिक वर्ग एकतरफा कांग्रेस प्रत्याशी के पाली में आ सकता है। टिकट कटने के बाद संतोष बाफना राजस्थान की तीर्थ यात्रा पर निकल रहे थे तभी उनके समर्थकों ने उनके निवास पर पहुंचकर जिस तरह रोष जाहिर किया है, वह स्वस्फूर्त तो नहीं माना जा सकता। यद्यपि संतोष बाफना ने स्पष्ट किया है कि वह भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी के फैसले के खिलाफ कतई नहीं जाएंगे। लेकिन समाज की गारंटी बाफना कैसे ले सकते हैं? यदि सामाजिक समीकरणों की बात की जाए तो अब वणिक वर्ग के लिए कांग्रेस को समर्थन देने के अलावा उस स्थिति में कोई विकल्प नहीं बचेगा, जब कि यदि कांग्रेस अपने मौजूदा विधायक रेखचंद जैन को प्रत्याशी घोषित कर दे। कांग्रेस क्या करेगी, यह तो वही जाने। लेकिन, जिस तरह से जगदलपुर की राजनीति ने करवट बदली है, उससे साफ नजर आ रहा है कि अब कांग्रेस के लिए उस सूरत में मैदान खुला हुआ है, जब वह अपना प्रत्याशी रिपीट कर सकती है। कांग्रेस को अब उन लेकिन, परंतु, चूंकि, क्योंकि से छुटकारा मिल गया है, जो रेखचंद के बारे में कांग्रेस के ही एक वर्ग द्वारा खड़े किए गए थे। ऐसे ही सवाल संतोष बाफना के सामने भी थे। जिनका जिक्र उन्होंने खुलकर कर दिया। बाफना की टिकट कट गई। वह साफ कर चुके हैं कि जगदलपुर में पार्टी का काम नहीं करेंगे। इसके अलावा पार्टी जहां कहेगी, वहां काम करेंगे। इसका सीधा-सीधा मतलब यही है कि यदि कांग्रेस ने रेखचंद को दोबारा टिकट दे दी तो एक समाज विशेष का एक तरफा लगाव और रुझान कांग्रेस के पाले में आ सकता है।

# डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान : डेंगू के 04 नये प्रकरण मिले

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 12 अक्टूबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 04 नये प्रकरण मिले। वर्तमान में 7 मरीज भती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया नए भर्ती मरीज 2 में से शंकर नगर छावनी और कृष्णा नगर सुपेला से 1 के रहवासी है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 133567 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-169908 जिनमें से 65549 खाली कराये गये।




सभी कटेनरों में 100650 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 136307 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उत्तको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रू. से लेकर 5000रू. तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की गई है, कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जांच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु.स्वा. केन्द्र/प्राथ. स्वा.के. शहरी प्राथ. स्वा. केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच नि:शुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा।

**न्यूज ब्रीफ**



### छात्रों को मानसिक तनाव से बचाव के लिए दिए गए टिप्स

**कोंडागांव।** 10 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी (एनएमएचपी) डॉ दिव्या तिवारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार के मार्गदर्शन में कोंडागांव में संचालित नवोदय विद्यालय में मानसिक विकारों और उनसे बचाव करने हेतु विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देने के साथ विभिन्न गतिविधियों एवं प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। इस मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम में विद्यालय समिति की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ तिवारी द्वारा बच्चों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव से बचने हेतु टिप्स दिये गये साथ ही छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल संबंधी जानकारी प्रदान की गई। ताकि वे अपने जीवन में आने वाली समस्याओं को सुलझाने हेतु मानसिक व शारीरिक रूप से सदैव तत्पर रहें और अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ते रहें। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा रोचक कहानियों से बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

### वार्ड क्रमांक 01 में अद्भुत साधना द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा

**भानुप्रतापपुर।** क्वांर नवरात्र के पावन अवसर पर विश्व कल्याण सनातन धर्म स्थापना हेतु भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 01 में अद्भुत साधना द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। अनेक साधक यहां पर शक्ति पर्व की अवसर पर कठीन साधना करते हैं ।इसी तरह एक महिला अपने सीने पर ज्योति कलश रखकर साधना करती है 09 दिन की यह कठिन साधना निराहार रहकर मात्र दुब , या पीपल पत्ती की थोड़ी स्वरस ग्रहण कर एक ही अवस्था पर लेटी हुई साधना करती हैं , एक 15 वर्षीय बालक 09 दिन मौन एवं निराहार एक आसन पर बैठकर साधना करते हैं ,यह आश्रम सिद्ध आश्रम के रूप में सनातन पर विश्वास रखने वालों के लिये साधना सिद्धि का केंद्र बना हुआ है। जहां प्रति माह अमावस्या और पूणिर्मा के दिन माता वैष्णवी दुर्गे , अधर्नारीश्वर महादेव , सिया देवी , महाकाली आदि अनेक शक्तियां श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कर दैहिक , दैविक और भैतिक कष्टों से मुक्त करते हैं , आप सभी क्षेत्र वासी पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### वार्ड क्रमांक 01 में अद्भुत साधना द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा

**भानुप्रतापपुर।** क्वांर नवरात्र के पावन अवसर पर विश्व कल्याण सनातन धर्म स्थापना हेतु भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 01 में अद्भुत साधना द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। अनेक साधक यहां पर शक्ति पर्व की अवसर पर कठीन साधना करते हैं ।इसी तरह एक महिला अपने सीने पर ज्योति कलश रखकर साधना करती है 09 दिन की यह कठिन साधना निराहार रहकर मात्र दुब , या पीपल पत्ती की थोड़ी स्वरस ग्रहण कर एक ही अवस्था पर लेटी हुई साधना करती हैं , एक 15 वर्षीय बालक 09 दिन मौन एवं निराहार एक आसन पर बैठकर साधना करते हैं ,यह आश्रम सिद्ध आश्रम के रूप में सनातन पर विश्वास रखने वालों के लिये साधना सिद्धि का केंद्र बना हुआ है जहां प्रति माह अमावस्या और पूणिर्मा के दिन माता वैष्णवी दुर्गे , अधर्नारीश्वर महादेव , सिया देवी , महाकाली आदि अनेक शक्तियां श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान कर दैहिक , दैविक और भैतिक कष्टों से मुक्त करते हैं , आप सभी क्षेत्र वासी पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



### आदर्श आचार संहिता पालन हेतु निकाला गया फ्लैग मार्च

**कोंडागांव।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के आदेशानुसार जिले में धारा 144 लागू कर दी गयी है। अचार संहिता एवं धारा 144 का सही ढंग से अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केशकाल एवं फ रसगांव नगरों में सशस्त्र फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर केशकाल में एसडीओपी भूपत सिंह एवं थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में केशकाल थाना परिसर से मुख्य मार्ग होते हुए विश्रामपुरी चौक से वापस थाना परिसर तक सशस्त्र फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस दौरान केशकाल पुलिस ने आम जनता से आदर्श आचार संहिता एवं धारा 144 के नियमों का पालन करते हुए क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। फ रसगांव में एसडीओपी अनिल कुमार एवं तहसीलदार जय कुमार नाग के नेतृत्व में मुख्य से होते हुए थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकालते हुए नगरवासियों से आचार संहिता का पालन करने की अपील की गई।

**प्रिंट सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता लिखा जाना अनिवार्य**

# अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रिंटरों एवं मुद्रकों की बैठक ली

**बेमेतरा।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023/- की तारीख के ऐलान के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, जनप्रतिनिधियों के लिए पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, पर्चे प्रकाशित करने में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने पर कारर्वाई होगी। अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभा कक्ष में जिले के प्रिंटरों एवं मुद्रकों की बैठक ली। मास्टर ट्रेनर ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127 (क) और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी





किये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार पम्पलेट, पोस्टर्स, पर्चे आदि प्रचार अथवा प्रिंट सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता लिखा जाना अनिवार्य होगा। प्रकाशित सामग्री की लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-127 (क) और (ख) प्रतियां प्रकाशन तिथि के तिनक दिवस के भीतर निर्वाचन कार्यालय में भी जमा की जाना होगी। प्रिंट सामग्री में संख्या भी अंकित करना होगी। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसमें 06 माह तक का कारावास, 2 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। बैठक में निर्देश दिये गये कि शुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए यह अनिवार्य है कि सभी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रिंट एवं प्रचार सामग्री में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम, पता, प्रसारित की जाने वाली सामग्री की संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करें। प्रकाशित सामग्री की प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय तथा व्यय लेखा शाखा में जमा करना जरूरी होगा। मुद्रित एवं प्रकाशित सामग्री के आधार पर खर्चा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। अपर कलेक्टर डा. बाजपेयी ने बैठक में कहा कि कोई भी प्रकाशक एवं मुद्रक ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करें,जिससे कि आचार संहिता का उल्लघंन होता हो। समाज में घृणा फैलाने, धार्मिक भावनाओं को भड़काने सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री किसी भी हाल में प्रकाशित नहीं की जाये। उन्होंने निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन कार्यालय को जानकारी उपलब्ध कराने कहा।



# बीईओ के निरीक्षण के दौरान हस्ताक्षर कर गायब शिक्षक को नोटिस जारी

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह एम डी दीवान ने अनेक स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला परसापाली के एक टीचर पुष्पलता पलांगे पाठकन में हस्ताक्षर कर स्कूल से गायब मिली जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । बीईओ ने नाराजगी जताते हुए प्रधान पाठक को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस तरह की लापरवाही और मनमानी बर्दाशत नही की जाएगी। नियमित समय पर स्कूल का संचालन हो और शिक्षक समय पर उपस्थित होकर शाला समय तक स्कूल में उपस्थित रहे। इसके बाद बीईओ ने शासकीय हाईस्कूल एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल कपिसदा का निरीक्षण किया और छात्रों से सभी विषयों के सिलेबस की जानकारी लेते हुए अध्यापन की जानकारी और उनसे प्रश्न भी पूछे। सही प्रश्न के जवाब पर उन्होंने छत्रों की प्रशंसा करते हुए बोर्ड परीक्षा की अच्छे से तैयारी करने को कहा ताकि बेहतर परिणाम आ सके। उन्होंने शिक्षकों से भी सिलेबस के अनुसार समय पर अध्यापन कराकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु छात्रों को अभ्यास करावें। इसके बाद बीईओ ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रिवाडीह का भी निरीक्षण किया जहां सभी शिक्षक उपस्थित मिले उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

# ग्रामीणों को आने वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया

**कोंडागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर के मार्गदर्शन मे सम्पूर्ण कोंडागांव जिले में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत स्थानीय साप्ताहिक बुधवारी बाजार में गांव-गांव से पहुंचे ग्रामीणों के बीच स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। इस बाजार में पहुंचे सब्जी भाजी विक्रेता, मनिहारी दुकान, बर्तन दुकान, जूता चप्पल दुकान जैसे अनेकों गांव शहर से पहुंचे ग्रामीणों को आने वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बाजार में विभिन्न वस्तुओं को खरीदने पहुंचे खरीददारों को भी इस अभियान से जोड़कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान

**बाजार में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान**





करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक टी ऐंकट राव ने बताया कि, इस साप्ताहिक बाजार मे हर वर्ग एवं हर उम्र के मतदाता इस मतदाता जागरूकता अभियान से अपने आप को जोड़कर उत्साहित नजर आ रहे थे, साथ ही दूर दराज से आए ग्रामीणजनों ने इस अभियान को अपने अपने गांव मोहल्ले में चलाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक टी.ऐंकट राव, अशोक साहू, नरेश ठाकुर, विभिन्न दुकानों के संचालक, ग्राहक और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला पदाधिकारियों की बैठक ली।



उन्होंने विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता एवं निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रियाओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत अधिसूचना जारी की तिथि 21 अक्टूबर 2023 शनिवार को, नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को, नामांकन की संवीक्षा की तिथि 31 अक्टूबर 2023 मंगलवार को, नामांकन वापस लेने की तिथि 02 नवम्बर 2023 गुरूवार को, मतदान की तिथि शुक्रवार 17 नवम्बर 2023 को, मतगणना की तिथि रविवार 03 दिसम्बर 2023 को निर्धारित की गई है।

सामान्य सांख्यिकी जानकारी - कुल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र - 01 (07 दुर्ग) कुल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -06 और 02 आंशिक (62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा, 68 साजा (आंशिक) तथा 69 बेमेतरा (आंशिक) वतर्मान में विधानसभा मतदान केन्द्रों की संख्या - विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन में 246, 63 दुर्ग ग्रामीण में 227, 64 दुर्ग शहर में 215, 65 भिलाई नगर में 167, 66 वैशाली नगर 242, 67 अहिवारा में 259, 68 साजा (आंशिक) में 101, 69 बेमेतरा (आंशिक) 22 मतदान केन्द्र है। इस तरह कुल मतदान केन्द्र 1479 है।

# जिंदा युवक पर डाल दिया फ्लाई ऐश, दम घुटने से हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

**जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट में हुआ हादसा**

**रायगढ़।** जिले के खरसिया विधानसभा के नहरपाली में स्थित जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट में सोमवार की रात लोडिंग पाइंट में लोडर आपरेटर की लापरवाही से ट्रक चालक की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जेएसडब्ल्यू के पॉवर प्लांट के लोडिंग पॉइंट पर सोमवार की रात ट्रकों में प्लांट के ऐश का लोडिंग लोडर से हो रहा था। इस दौरान कतार में दो ट्रक खड़ी थी। इसी बीच कमाक्षी ट्रांसपोर्ट की ट्रक ड्राइवर सोनू यादव उम्र 22 वर्ष निवासी खम्हारडीह डभरा। अपनी ट्रक को लोडिंग पॉइंट पर लेकर गया और ट्रक के डाला में प्लास्टिक बिछाने लगा। ताकि ट्रक में लोडिंग फ्लाई ऐश की अनलोडिंग जल्दी से हो सके। इसी दौरान लोडर ऑपरेटर सामने वाली ट्रक को लोड कर सोनू यादव के ट्रक के पास आ पहुंचा और बगैर किसी सूचना के लोडर ऑपरेटर ने फ्लाई ऐश उक्त ट्रक में लोडिंग करना शुरू कर दिया। जिससे ट्रक के भीतर ड्राइवर सोनू फ्लाई ऐश के भीतर दफन हो गया और फिर



वहीं उसकी मौत हो गई। अचानक घटी इस घटना की किसी को जानकारी तक नही लग सकी। फ्लाई ऐश लोड़ होनें के बाद ट्रक लोडिंग पॉइंट पर खड़ी थी। इस दौरान ड्राइवर सोनू की तलाश होने लगी। देर रात तक साथी ड्राइवर सोनू की तलाश करते रहे। इसके बावजूद उसका कुछ पता नही चल सका। मंगलवार की सुबह काफी खोजबीन के बादजूद सोनू के नही मिलने पर संदेह के आधार पर जब ट्रक को अनलोड कराया गया। तब जाकर पूरे घटना का खुलासा हो सका। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि लोडर चालक की लापरवाही से ट्रक में तिरपार बिछा रहे युवक पर फ्लाई ऐश लोड़ कर दिया गया।

# आचार संहिता का पालन कराने फील्ड में उतरे निगम आयुक्त, सभी कार्यालयों सहित निगम क्षेत्र का निरीक्षण कर उतरवाये बैनर पोस्टर

**भिलाईनगर।** निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद आयुक्त रोहित व्यास सोमवार शाम निगम मुख्यालय सुपेला सभी जोन कार्यालय तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत निगम द्वारा उतारे जा रहे राजनैतिक बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स एवं दीवार लेखन का मौका मुआयना किये और विज्ञापन एजेंसी द्वारा यूनिपोल में लगे राजनैतिक प्रचार सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए आचार संहिता के तहत संपत्ति विरूपण को सख्ती से पालन कराने भिलाई निगम का अमला पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। राजस्व विभाग, तोडफोड़ दस्ता और स्वास्थ्य विभाग के कमर्चारियों की अलग अलग टीम बनाकर नेताओ की फोटो लगे हुए



बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स आदि को उतरवाया जा रहा है, साथ ही दीवार पर प्रचार प्रसार के लिए किए गए दीवार लेखन को भी मिटाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में चल रही गतिविधियों का निगम आयुक्त ने देर शाम तक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम निगम के मुख्य कार्यालय के सभी विभागों में पहुंचे और शासकीय कैलेण्डर, टेबल कैलेण्डर, शासकीय योजनाओं के प्रचार सामग्री जहां भी पाया गया तत्काल मौके से हटवाया गया।

**देर शाम तक घूमते रहे आयुक्त**

निगम क्षेत्र में लगे बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स, दीवार लेखन सहित संपत्ति विरूपण की कार्यवाही का निरीक्षण करने देर शाम तक आयुक्त रोहित व्यास घूमते रहे इस दौरान उनके साथ अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा,सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, धीरज साहू, मलखान सोरी, जगदीश तिवारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सुपेला , गदा चौक, गौरव पथ, छावनी चौक, शिवाजी नगर, पॉवर हाउस, नेहरू नगर, स्मृति नगर का निरीक्षण किया इस दौरान सड़क किनारे लगे हुए छोटे होर्डिग्स, पोस्टर का स्वंय मौके पर खड़े होकर उतरवाये, मुख्यमंत्री स्मल योजना, धनवंतरी मेडिकल में लगे फोटो पर स्टीकर लगवाया गया है। जगह जगह दीवारों पर प्रचार प्रसार के लिए चुनावी दीवार लेखन को भी मिटाया जा रहा है। इसके अलावा निगम की टीम जीई रोड, ओवर ब्रिज, सड़क किनारे बिजली पोल पर लगे छोटे होर्डिग्स सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में घूम घूम कर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही कर रहे है।

**भाग्यशाली विजेताओं के लिए ईनामी लकी ड्रा माई का खजाना भी खोला गया**

# सक्ति में माई का खजाना की रसीद कटवाने उमड़ी भीड़

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक-सेवा कार्य करने वाली अग्रणी संस्था चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति ने इस वर्ष नवरात्रि के पावन मौके पर जहां 18 अक्टूबर को विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शक्ति शहर के श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं मां महामाई दाई मंदिर से मां चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर की पदयात्रा का आयोजन किया है, तो वहीं समिति द्वारा इस वर्ष भाग्यशाली विजेताओं के लिए ईनामी लकी ड्रा माई का खजाना भी खोला गया है, जिसमें 200 की रसीद लेकर धर्म प्रेमी नागरिक गण माई के खजाने में सहयोग करते हुए नई मोटरसाइकिल के भी मालिक बन सकते हैं,तथा समिति के सदस्यों का कहना है कि इस माई का खजाना में सैकड़ो इनाम रखे गए हैं, तो वहीं माता रानी की कृपा सभी भाग्यशाली विजेताओं पर बरसने वाली है, श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति ने शहर के अग्रसेन काम्प्लेक्स परिसर में अपने अस्थाई कार्यालय का शुभारंभ





कर सुबह से देर रात्रि तक समिति के सदस्य माता रानी की सेवा में जुटे हुए हैं, तो वहीं पदयात्रा को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है, समिति के सदस्यों ने बताया कि माई का खजाना का ड्रा 23 अक्टूबर को दोपहर 3:00 से सामुदायिक भवन शक्ति में होगा एवं प्रथम विजेता को नई मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति शक्ति की ओर से,द्वितीय विजेता को शंकर अवतार अग्रवाल अमलड़िहा की ओर से बच्चों की मोटरसाइकिल,तृतीय विजेता को हेमंत टेंट बाजार शक्ति की ओर से रेफ्रिजरेटर फ्रिज, चतुर्थ विजेता को श्रद्धा इलेक्ट्रिकल शक्ति की ओर से 32 इंच की एलइडी स्मार्ट टीवी, पांचवें विजेता को सोनम मोबाइल शाप की ओर से मोबाइल फोन, छठवें विजेता को विनायक ट्रेडर्स शक्ति की ओर से माइक्रो ओवन,सातवें विजेता को शुभम निगानिया की ओर से रेंजर साइकिल, आठवें विजेता को दीपक गोयल कोरबा की ओर से कुलर,नवमे विजेता को साइ कंप्यूटर शक्ति की ओर से होम थिएटर,दसवे विजेता को भोला फर्नीचर शक्ति की ओर से ड्रेसिंग टेबल,ग्यारहवें विजेता को मिरी सीट मेंकर सकती की ओर से तीन भाग्यशाली विजेताओं को स्टैंड फैन,बाहरवें विजेताओं को मास्टर टेंट हाउस की ओर से पांच भाग्यशाली विजेताओं को मिक्सी,तेरहवें पुरस्कार के रूप में पांच भाग्यशाली विजेताओं को एमके इलेक्ट्रिकल शक्ति की ओर से पांच इंडक्शन, 14वें पुरस्कार के रूप में माता रानी महासेल की ओर से पांच भाग्यशाली विजेताओं को डिनर सेट,15 वे पुरस्कार के रूप में पांच भाग्यशाली विजेताओं को अभिलाषा रेस्टोरेंट की ओर से पांच सीलिंग फैन, 16वें विजेताओं को मां महामाया ज्वेलर्स की ओर से 10 भाग्यशाली विजेताओं को 10 ग्राम चांदी के सिक्के, 17वें पुरस्कार के रूप में बालाजी सेल्स मालखरौदा की ओर से 10 भाग्यशाली विजेताओं को 10 आयरन,18 वे पुरस्कार के रूप में 20 भाग्यशाली विजेताओं को महाकाल आइसक्रीम शक्ति की ओर से पांच-पांच ग्राम चांदी के सिक्के 19वें पुरस्कार के रूप में चश्मा संसार शक्ति की ओर से 50 भाग्यशाली विजेताओं को दीवाल घड़ी प्रदान की जाएगी।

# नामांकन दाखिल करने के संबंध में बारीकी से दी गई जानकारी



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह की उपस्थिति में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सह कायर्शाला कलेक्टोरेट शक्तिकक्ष में आयोजित की गई। बैठक सह कायर्शाला में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के संबंध में बारीकी से जानकारी दी गई। बैठक में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाने की प्रक्रिया के संबंध में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समस्याओं का समाधान भी किया गया। निर्वाचन लडने. वाले सामान्य अभ्यथिर्यो के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि 10 हजार रूपए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यथिर्यो के लिए 5 हजार रूपए निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे।

## सार-समाचार

### विधानसभा आम निर्वाचन-2023: निर्वाचन कार्य हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**अशोक जैन/ कांकेर** / कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की 23 अक्टूबर तक मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्ट्रेट रोड बेरियर में संयुक्त कलेक्टर श्री मनीष मिश्रा, कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार में नायब तहसीलदार श्री विकास कुमार जैन, कलेक्ट्रेट भवन परिसर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा श्री आर.के. गोलछा, नामांकन कक्ष विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़-79 में तहसीलदार नरहरपुर श्री सुधीर खलखो, नामांकन कक्ष विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर-80 में डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा एवं नामांकन कक्ष विधानसभा क्षेत्र कांकेर-81 में नायब तहसीलदार सरोना श्री संजय कुमार राय की ड्यूटी लगाई गई है।

### विधानसभा आम निर्वाचन-2023 : विधानसभा निर्वाचन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**अशोक जैन/ कांकेर** / विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान मतदाताओं की सहायता एवं निर्वाचन संबंधी विभिन्न सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्टर कार्यालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नंबर 1950 एवं दूरभाष नंबर 07868-241019 है। निर्वाचन संबंधी सहायता एवं शिकायत के लिए उक्त नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य सम्पर्क स्थापित किया जाएगा। साथ ही निर्वाचन से संबंधित भ्रष्ट आचरणों के बारे में प्राप्त शिकायतें दर्ज की जाएगी और निर्वाचन व्यय संबंधी जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### ट्रेलर ने बाइक सवार आरक्षक को रौंदा

**जांजगीर।** जांजगीर के पुटपुरा में कोयले से लदे एक ट्रेलर ने बाइक सवार आरक्षक को रौंद दिया। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सड़क पर पलट गई। सूत्रों ने बताया कि हादसे में बाइक सवार आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं आरक्षक को रौंदने के बाद अनियंत्रित ट्रेलर भी सड़क पर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। हादसा नेशनल हाईवे क्रमांक 49 में हुआ है। बताया जाता है कि आरक्षक पुलिस लाईन जांजगीर में पदस्थ था। वह अपनी बाइक में सवार होकर ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला हुआ था। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

### दिवंगत विधायक भीमा मंडावी की बेटी का वीडियो हो रहा वायरल

#### दीपा ने कहा - मेरे पापा के बलिदान की कोई कीमत नहीं

**दंतेवाड़ा।** भाजपा विधायक रहे दिवंगत भीमा मंडावी की बेटी का कसक भरा वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में दिवंगत विधायक भीमा मंडावी की बेटी दीपा मंडावी ने भाजपा के टिकिट वितरण पर सवाल खड़े करते हुए कह रही हैं कि मेरे पापा के बलिदान की कोई कीमत नहीं रही. दीपा ने कहा है कि पापा ने भाजपा के लिए जान दे दी. उनके अधूरे काम को पूरा करने घरेलू महिला (मम्मी) ने कदम रखा. पूरा परिवार भाजपा का सम्मान करता है. उनके बलिदान को भाजपा के पदाधिकारियों ने क्यों नजर अंदाज कर दिया? आखिर कहा कमी रह गई. बता दें कि विधायक भीमा मंडावी लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सली विस्फोट में मारे गए थे.

### आईडीबीआई बैंक ने 125+ शाखाओं में रिटेल लोन फेस्ट शुरू किया

**रायपुर।** त्योहारों के सीज़न की शुरुआत करते हुए आईडीबीआई बैंक ने 16 और 17 अक्टूबर, 2023 को 'रिटेल लोन फेस्ट' पेश किया है। 'बैंक ऐसा दोस्त जैसा' की अपनी अवधारणा का विस्तार करते हुए इस लोन फेस्ट में बैंक का 'ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण' और आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं सिक्योरिटीज़ पर ऋण सहित रिटेल लोंस की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन होगा। रिटेल लोन फेस्ट हर भारतीय परिवार के दिल में उतर जाएगा और उन्हें त्योहारों के जश्न के माहौल में शुभ महत्व वाले जीवनशैली के निर्णय लेने में समर्थ बनाएगा। बैंक का यह रिटेल लोन फेस्ट' 125+ चुनिंदा शाखाओं पर चलाया जायेगा, जो भारत के 22 राज्यों में 81 जिलों और 88 केंद्रों कवर करेगा। आईडीबीआई बैंक के डीएमडी श्री सुरेश खटनहार ने कहा, रिटेल लोन फेस्ट त्योहारों के सीजन में ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादों के विस्तृत संग्रह के साथ उन तक पहुँचने का आईडीबीआई बैंक का एक प्रयास है।

---

#### लगाया राशनकार्डों में मतदान अपील की सील

# राशन विक्रेताओं ने किया मतदाता जागरूकता अभियान

**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )** 12 अक्टूबर 2023। स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना और सफ्लता जागरूक मतदाता और निष्पक्ष मतदान से ही संभव है। छत्तीसढ़ राज्य में 07 एवं 17 नवम्बर को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिये मतदान होना है। जिला दन्तेवाड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने और शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से नये-नये कार्य योजना अमल में लाया जा रहा है।





इसी क्रम में खाद्य विभाग, दन्तेवाड़ा के द्वारा सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में राशन कार्डधारियों को लक्षित करते हुए चावल वितरण के दौरान हितग्राहियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा सभी हितग्राहियों के राशनकार्डों में मतदाता जागरूकता हेतु मतदान अवश्य करने संबंधी सील लगाकर मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। हितग्राहियों द्वारा भी उत्साहित होकर वीडियो क्लिप से अपने परिचितों को मतदान करने की अपील किया गया इसी प्रकार एलपीजी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्पों पर मतदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु उपभोक्ताओं को मतदान अपील का वाचन कराते हुए शपथ दिलाया गया। इस दौरान घरेलू गैस उपभोक्ताओं के कार्डों में मतदान की अपील करते हुए सील लगाया गया और स्टीकर चस्पा किया गया। इस प्रकार जिले के नगरीय क्षेत्र दन्तेवाड़ा, बचेली, किरंदुल एवं अन्य स्थानों पर संचालित पेट्रोल पम्पों पर मतदाता जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर एवं फ्लैक्स का प्रदर्शन किया गया है, ताकि अधिकाधिक लोग इस अभियान के महत्व से अवगत होकर मतदान करने हेतु प्रेरित हो। गौरतलब है कि खाद्य विभाग के द्वारा समस्त एल पी जी एजेंसी के वाहनों में चुनाव में मतदान करने बोट पंडूम फ्लेक्स लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

---

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन






**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** 12 अक्टूबर 2023। जिले में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के निर्देश पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय जावंगा में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दिनांक 6 तारीख से 12 तारीख तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। और इस वर्ष की थीम ''मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है'' रखी गयी थी। कार्यशाला में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉक्टर देश दीपक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य अंतर्गत तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित छात्र छात्राओ ने मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित अपने सवाल साझा किए। इस मौके पर उक्त कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मॉडल मीडिया अधिकारी अंकित सिंह यूनिसेफ से साइकोलॉजिस्ट श्रुति प्रसाद कॉलेज के समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं मौजूद थे।

## विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )**12 अक्टूबर 2023। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के दिशा निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत दृष्टि दोष से संबंधित विभिन्न प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया।

ज्ञात है कि सन 2000 से प्रतिवर्ष विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोग ऐसे हैं जो ठीक से नहीं देख सकते क्योंकि उनके पास चश्मे तक पहुंच की सुविधा नहीं है। इनमें से अधिकांश लोग निवारण किए गए जा सकने योग्य दृष्टि दोष से पीड़ित है। दृष्टिहीनता दैनिक व्यक्तिगत, गतिविधियां स्कूली शिक्षा, कार्य दैनिक दिनचर्या एवं सामाजिक वार्तालाप जैसी जीवन की हर पहलू पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ती है। अत: इस दिवस के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उन तक अनिवार्य सुविधा उपलब्ध कराया जाना मुख्य उद्देश्य होता है, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की जानकारी साझा की। कार्यशाला में आए हुए लोगों को जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम डॉक्टर गीता नेताम के द्वारा अपने दैनिक दिनचर्या में नेत्र रोग से बचने के लिए अनिवार्य रूप से किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि लंबे समय तक हम अपने आंखो को सुरक्षित रख सके। और इस दृष्टिहीनता की बीमारी से बच सके। गौरतलब है कि दृष्टिहीनता से बचने के लिए सभी शासकीय केंद्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध है कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर आर एल गंगेश डॉक्टर विजय शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय, डॉक्टर अमर भूषण, मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, नेत्र सहायक अधिकारी अश्वनी जायसवाल, अशोक मरकाम, अजय शर्मा, दीप्ति टोप्पो एवं जिला चिकित्सालय के समस्त नर्सिंग स्टाफ तथा जन सामान्य कार्यशाला में उपस्थित थे।

## रंजना साहू के प्रत्याशी बनने पर लगातार चल रहा बधाई का सिलसिला,घर पहुंच लोग दे रहे बधाई

**धमतरी।** अपने उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए रंजना साहू ने धमतरी विधानसभा पर नए आयाम लिखे हैं, जनहित मुद्दों को सदन में सदैव सक्रियता एवं मुखरता से रखा जिसके फ्ल स्वरुप विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया और क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर कार्य किए जिसके परिणाम स्वरूप धमतरी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का भरोसा जीतते हुए पुन: धमतरी विधानसभा का नेतृत्व करने के लिए भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए हैं, जिससे विधानसभा क्षेत्र के भाजपाईयों में खुशी की लहर है, और अपनी लोकप्रिय मिलनसार व्यक्तित्व की धनी महिला सशक्तिकरण की पहचान श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू को बधाई देन घर पर एवं कार्यालय में पहुंच रहे हैं। शहरीय अंचल के साथ-साथ ग्रामीण अंचल व डुबान क्षेत्र से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस खुशी के मौके पर शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करते हुए कहां है भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस चुके हैं और अपना बूथ सबसे मजबूत के सिद्धांत पर कार्य करने का आव्हान किए।



## विधानसभा आम निर्वाचन-2023 : कलेक्टर-एसपी ने किया अंतागढ़ व भानुप्रतापपुर ब्लॉक के मतदान केंद्रों का किया दौरा

#### मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

**अशोक जैन/ कांकेर।** लोकप्रिय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के साथ अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के दूरस्थ अंचल में स्थित मतदान केंद्रों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने बीएलओ को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने आज अंतागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सोड़े स्थित नवीन मतदान केंद्र क्रमांक 171 पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और शिफ्टिंग आदि की जानकारी ली। वहीं ग्राम तारलकट्टा के मतदान केंद्र क्रमांक 162 में रैम्प मरम्मत के निर्देश दिए। ग्राम गोड़बिनापाल में मतदान केंद्र क्रमांक 161 में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें वोट करने की अपील करने के लिए कहा। इसी तरह ग्राम बोंदानार के मतदान केंद्र क्रमांक 160 और ग्राम कलेपरस के मतदान केंद्र क्रमांक 163 का भी दौरा किया। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम बोटेचांग के मतदान केंद्र क्रमांक 116 और संजयपारा चौगेल के मतदान केंद्र क्रमांक 92 का निरीक्षण किया और पेयजल, शौचालय और रैम्प आदि की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस चौकी कच्चे के चेक् पॉइंट में पहुँचकर वाहनों की चेकिंग कार्य तथा पंजी का निरीक्षण व अवलोकन किया। वहाँ कलेक्टर और एसपी ने स्वयं वाहनों की चेकिंग की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वाहनों की सघन चेकिंग करें और आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके अलावा कलेक्टर ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए सतत् प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने को कहा।



---

#### मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान दलों को दी गयी मतदान प्रक्रिया की गहन जानकारी

# मतदान दलों का आज गीदम में हुआ प्रथम चरण का प्रशिक्षण

### सेक्टर ऑफिसर्स और मतदान दलों के अधिकारियों -कर्मचारियों को ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स आन का कराया गया अभ्यास

### निर्वाचन के प्रत्येक चरण की प्रक्रिया सीखने में पूरी दक्षता एवं महारत हासिल करें- कलेक्टर

**दन्तेवाड़ा ( भारत भास्कर )** 12 अक्टूबर 2023। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आगामी 07 नवंबर को सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया सम्पादित करने के लिये मतदान दलों का प्रथम चरण एक दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम में आज हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि निर्वाचन एक गंभीर और अनिवार्य प्रक्रिया है और इसकी प्रक्रिया को उतनी ही सजगता से सीखने की आवश्यकता होती है। अत: प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता से निर्वाचन के प्रत्येक चरण की गतिविधियों में दक्षता हासिल करें, क्योंकि मतदान केन्द्रों में उन्हें ही इस दक्षता का प्रदर्शन करना है अत: जो इस प्रक्रिया के लिए जितना मेहनत करेगा वह उतना ही सफ्ल रहेगा।





उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में गूगल शीट के माध्यम से परीक्षा भी ली गयी तथा इसे उत्तीर्ण करने के लिये निर्धारित पूर्णांक भी रखा गया था और निर्धारित अंक न आने पर पुन: प्रषिक्षण करने के भी निर्देश दिये गये थे। इस पर कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों के अपेक्षानुरूप अंक नहीं आए हैं वे पुन: आगामी प्रशिक्षण सत्र में परीक्षा देंगे। साथ ही जिनका प्रदर्शन इस परीक्षा में संतोषजनक रहा वे भी इस प्रक्रिया का पुनरावृत्ति करते रहें, ताकि किसी भी चूक की संभावना ना रहे।

इस प्रशिक्षण सत्र में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सेक्टर ऑफिसर्स तथा मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को कंप्यूटर पावर पाइंट प्रस्तुति के जरिये, मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स ऑन सम्बन्धी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूर्ण करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं परिनियत लिफाफों को भरे जाने संबंधी के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं मोबाइल एप्लीकेशन सी-टॉप्स के बारे में भी जानकारी दीगयी। इस दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर्स और मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण स्थल में ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंड्स आन का अभ्यास करने के अलावा सेक्टर ऑफिसर्स तथा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की गई जान

**रायपुर।** ग्राम उमरिया स्थित बुरहान नाला के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं युवक घायल हो गया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र यादव 19 वर्ष ग्राम पलौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने रिश्तेदार महिला दुलारी बाइक् यादव 45 वर्ष निवासी रीवा को बिठाकर कहीं जा रहा था। तभी ग्राम उमरिया स्थित बुरहान नाला के पास बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 6555 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रार्थी को चोट आई है। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस जब्त कर चालक के खिलाफकार्रवाई की है।

### मैरिज हॉल का ताला तोड़कर हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** आस्था अस्पताल के सामने सेजबहार स्थित निर्माणाधीन मैरिज हॉल का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नमन गुप्ता 21 वर्ष नयापारा गोलबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी ने सेजबहार थाना में शिकायत किया कि उसका निर्माणाधीन मैरिज हॉल आस्था अस्पताल के सामने सेजबहार में है। जिसका ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने केबल वायर, कटर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तह अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर पितरों की विदाई श्रद्धापूर्वक की जाएगी 14 को

**रायपुर।** 29 सितंबर से प्रारंभ हुए पितृ पक्ष का समापन श्रद्धालुओं द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की तिथि पर विधिविधान से पूजन कर प्रसाद आदि खिलाकर पशु पक्षियों को किया जा रहा है। पूर्वजों विशेषकर पितरों एवं माताओं के संबंध में शास्त्रीय धारणा है कि वे साल में एक बार पितृ पक्ष पर पृथ्वी लोक में अपने पूर्वजों से मिलने आते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितरों का पूजन करने से वंशजों को आशीर्वाद मिलता है एवं उनके कष्टों का निवारण होता है। 14 अक्टूबर को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर जातकों द्वारा विधिविधान से श्राध कर अपने पितरों को विदा किया जाएगा। पंडित रमाशंकर तिवारी के अनुसार अमावस्या के दिन भगवान विष्णु के हंस स्वरूप की पूजा करें। ज्ञात अज्ञात परिवार के मृतक पूर्वजों को पिंडदान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर श्रद्धापूर्वक विदाइ करें। पं. तिवारी के अनुसार पितरों का श्रद्धापूर्वक श्राध करने पर जहां पितृ दोष कटता है वहीं वंशजों की मनोकामनाएं पितरों की आशीर्वाद से पूर्ण होती है। इस बार पितृमोक्ष अमावस्या का आरंभ 13 अक्टूबर को 9 बजकर 50 मिनट से रात को शुरू होगा। समापन 14 अक्टूबर को रात 11.24 मिनट पर होगा। कुतुप मुहुर्त सुबह 11.44 मिनट से 12.30 मिनट तक दिन में रहेगा जबकि रोहिणी मुहुर्त 12.30 बजे से दोपहर 1.16बजे तक रहेगा। अपरान्ह 1.16 से 3.35 बजे पर श्राध पूजन विधिविधान से करने पर वंशजों को अक्षय सुखों की प्राप्ति होगी।

### मानसूनी बादल छंटते ही चिल चिलाती धूप ने किया बेहाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की विदाई शुरू हो गई है। देश के अन्य राज्यों से भी तेजी से मानसून विदा हो रहा है। प्रदेश में मानसूनी बादलों के छंटते ही चिलचिलापी धूप और उमस से लोगों को बेहाल कर दिया है। देश के कई राज्यों से मानसून की विदाई हो चुकी है। उत्तरी राज्यों के अलावा अब मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी मानसून की विदाई शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर मानसून की विदाई 18 अक्टूबर तक हो जाती है। हालांकि इस वर्ष मानसून की विदाई की अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन आमतौर पर प्रदेश से मानसून की विदाई इसी माह हो जाएगी। इसके साथ ही हवा की दिशा बदलनी शुरू हो जाएगी और प्रदेश में नवंबर तक ठंड की शुरूआत हो जाएगी।

### बाइक में सवार आधा दर्जन युवकों की खतरनाक स्टंटबाजी, वीडियो हो रहा वायरल

**रायपुर।** राजधानी में बाइक पर स्टंटबाजी करने वाले एक बार फिर से सक्रिय हो रहे हैं। नया रायपुर की सड़कों पर पुलिस की कार्रवाई के बाद स्टंटबाजी थमती नजर आ रही थी। लेकिन सोशल मीडिया में फिर से वायरल हुई एक वीडियो में एक बाइक में आधा दर्जन लड़के मस्ती करते नजर आ रहे हैं। राजधानी रायपुर से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक बाइक पर एक नहीं, दो नहीं बल्कि आधा दर्जन युवक सवार हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में एक बाइक पर छह लोग सवार हैं।

---

जूलूस, आमसभा, रैली के लिए एडीएम और रिटर्निंग अधिकारी देंगे अनुमति

# बिना अनुमति जुलूस, रैली, सभा करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ हेलीकॉप्टर लैंडिग की अनुमति भी एडीएम से मिलेगी

रायपुर। संवाददाता

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब किसी भी प्रकार की आमसभा, रैली या जुलूस के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमति लिया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। रायपुर जिले में शहरी क्षेत्रों की चार विधानसभाओं रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम और रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की अनुमति अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी श्री एनआर साहू देंगे। जिले की तीन अन्य विधानसभाओं आरंग, धरसींवा और अभनपुर में रैली, जुलूस या सभा की अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा दी जाएगी। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में शामिल तिल्दा के कुछ भाग में जुलूस, सभा और रैली की अनुमति तहसीलदार तिल्दा द्वारा दी जाएगी। विधानसभा निर्वाचन के दौरान विभिन्न स्थानों पर हेलीकॉप्टर लैंडिग और टेकऑफ के लिए भी अनुमति अनिवार्य होगी। हेलीकॉप्टर उतरने और उडने के लिए अनुमति अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी श्री एनआर साहू द्वारा दी जाएगी। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर हेलीकॉप्टर लैंडिग को सक्षम अनुमति से छूट रहेगी। जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 30 के विधान सभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचन कार्य समाप्ति अर्थात 05 दिसंबर 2023 तक रायपुर जिले में कोई भी आम सभा या जुलूस लिखित अनुमति बगैर नहीं निकालने का आदेश जारी कर दिया है। राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को किसी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूर्व से ही उपयुक्त समय पर सूचना देनी होगी। ताकि इस दौरान यातायात को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा सके। राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को उस दशा में पहले ही यह



सुनिश्चित करना होगा कि उस स्थान पर जहां सभा करने का प्रस्ताव है, कोई निर्बन्धात्मक या प्रतिबंधात्मक आदेश (निषेधाज्ञा) लागू तो नहीं है, यदि ऐसे आदेश लागू हों तो उनका कड़ाई के साथ पालन करना होगा। यदि ऐसे आदेशों से कोई छूट अपेक्षित हो तो उनके लिए समय से आवेदन करना होगा और सक्षम छूट लेनी होगी। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउडस्पीकरों के उपयोग या किसी अन्य सुविधा के लिए अनुमति या अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त करनी हो तो दल या अभ्यर्थी को संबंधित अधिकारी के पास पहले से ही आवेदन करना होगा और इसकी अनुमति या अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी। किसी सभा के आयोजकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे सभा में विघ्न डालने वाले या अन्यथा अव्यवस्था फैलाने का प्रयत्न करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की सहायता प्राप्त लेंगे। आयोजकों को स्वयं ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही करनी चाहिए। जुलूस का आयोजन करने वाले दल या अभ्यर्थी को पहले ही यह बात तय करना होगा कि जुलूस किस समय और किस स्थान से शुरू होगा, किस मार्ग से होकर जायेगा और किस समय और किस स्थान पर समाप्त होगा, सामान्यत: कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं होनी चाहिए। आयोजकों को कार्यक्रम के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारियों को अग्रिम सूचना देनी होगी। आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन इलाकों से होकर जूलूस गुजरना है उनमें कोई निर्बंधात्मक आदेश (निषेधाज्ञा) तो लागू नहीं है, जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से छूट न दे दी जाए, उन निर्बंधनों का पालन करना होगा। इस दौरान यातायात के नियमों और निर्बंधनों का भी ध्यानपूर्वक पालन करना होगा। आयोजकों को जुलूस का इंतजाम ऐसे ढंग से करना होगा जिससे कि यातायात में कोई रूकावट या बाधा उत्पन्न किये बिना जुलूस का निकलना संभव हो सके। यदि जुलूस बहुत लंबा है तो उसे उपयुक्त लंबाई वाले टुकड़ों में संगठित करना होगा ताकि सुविधाजनक अंतरालों पर विशेषकर उन स्थानों पर जहां जुलूस को चौराहों से होकर गुजरना है।

## वंचित वर्गों की सहायता के लिए तत्पर रहें सभी विद्यार्थी-राज्यपाल

रायपुर। संवाददाता

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन आज राजभवन में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में अध्यक्ष के रूप में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। उन्होंने डिग्री प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करें, एवं समाज और राष्ट्र की निरंतर सेवा करें। उन्होंने विद्यार्थियों से वंचित वर्गो की सहायता करने और संविधान की भावना के अनुरूप उन्हें अधिकार दिलाने के लिए प्रयत्न करने की अपील की। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रविशंकर, नीति आयोग के सदस्य डॉ.वी.के.सारस्वत, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार मिश्रा, रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला उपस्थित थे। दीक्षांत समारोह में तीन प्रख्यात व्यक्तियों डॉ.वी.के.सारस्वत, श्री जे.एस राजपूत और श्री आशुतोष राणा को मानद उपाधि, 31 विद्यार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि, 36 को स्वर्ण पदक और 2664 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्नातकों के रूप में, अब आप अभूतपूर्व परिवर्तन और चुनौतियों के समय, दुनिया में कदम रख रहे हैं। दुनिया तेजी से विकसित हो रही है, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस, डेटा-माइनिंग और रोबोटिक्स में नई प्रौद्योगिकी हमारे जीवन और समाज को नया आकार दे रही है। यह अपार अवसरों का समय है, लेकिन गहन जिम्मेदारियों का भी। हरिचंदन ने कहा कि विद्यार्थी हमेशा नए विचारों को आत्मसात् करने के लिए तैयार रहें। दुनिया उन लोगों को पुरस्कृत करती है जो अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और जोखिम लेने को तैयार हैं। नवाचार और रचनात्मकता को अपनाएं। शिक्षा एक विशेषाधिकार है, और इसके साथ हमारे समुदायों और समग्र विश्व की बेहतरी में योगदान देने की जिम्मेदारी भी आती है। महात्मा गांधी जी ने कहा था, आप खुद वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

### अनजु शर्मा-टंकराम वर्मा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता दो गुटों में बंटे

**रायपुर।** धरसींवा में भाजपा के अधिकृत उम्मीवार छालीवुड के कलाकार अनुज शर्मा के नाम को लेकर भाजपा में घमासान मचा हुआ है। धरसींवा क्षेत्र में भाजपा की कमान संभालने वाले दो युवा नेता और उसके समर्थकों में इसे लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। इन युवा नेताओं द्वारा इस्तीफा दिए जाने की चर्चा भी जोरों पर हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यहां अब चुनाव प्रचार की कमान कौन संभालेगा? धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में अनुज शर्मा को कुछ भाजपा कार्यकर्ता पैराशूट प्रत्याशी बताकर अपना विरोध जता रहे हैं तो वहीं कुछ इसे पार्टी का निर्णय मानकर स्वागत भी कर रहे हैं। धरसींवा में अनजु शर्मा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में दो फाड़ नजर आ रहे हैं। एक वर्ग जहां इसे योग्य प्रत्याशी बताकर जोरशोर से पार्टी के दिए।

विधानसभा चुनाव

## मूणत ने हटकेश्वर नाथ का दर्शन कर की प्रचार अभियान की शुरुआत.......

■ कांग्रेस को लेकर बोले- ईश्वर करें सूची को लेकर जल्द निर्णय कर लें, नहीं तो

रायपुर। संवाददाता



भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा कर दी है. इसमें पहला चरण 7 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 17 नवंबर को होगी. छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होना है. इसमें पहले चरण में 20 सीटों पर और दूसरे चरण में 70 सीटों पर वोटिंग की जाएगी. पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे. वहीं चुनावी तारीखों का ऐलान होने का बाद पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत मंगलवार को महादेव घाट के हटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे और यहां पूजा-अर्चना कर प्रचार अभियान की शुरुआत की. वे आज दिन भर राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करेंगे. मूणत इस बार रायपुर पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे. बता दें कि, राजेश मूणत इससे पहले भी दो बार रायपुर पश्चिम से चुनाव लड़ चुके हैं। राजेश मूणत ने चुनाव को लेकर कहा कि, 2003 में पहली बार जब मैंने चुनाव लड़ा था तो बाबा हटकेश्वर नाथ के दर्शन से ही चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी. पिछली बार कुछ कमी रह गई होगी, लेकिन इस बार पश्चिम विधानसभा में बीजेपी की जीत होगी. साथ ही उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, इस सरकार ने रायपुर के साथ सौतेला व्यवहार किया है. रायपुर में एक भी नया काम नहीं हुआ।

## पीएससी घोटाले पर हाई कोर्ट का निर्णय भाजयुमो के संघर्ष की जीत

■ पीएससी घोटाले पर हाई कोर्ट का फैसला समूची प्रक्रिया में सुधार की दिशा में ठोस व सार्थक पहल की शुरुआत - भाजयुमो

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने पीएससी घोटाले के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फैसले को बेहद अहम और पीएससी की समूची प्रक्रिया में सुधार की दिशा में ठोस व सार्थक पहल की शुरुआत बताया है। बुधवार सुबह रायपुर पहुँचे सूर्या विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि वह पहले भाजयुमो के हल्लाबोल और फिर पीएससी घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए आए थे और इस बार मुख्यमंत्री निवास में भारतीय जनता पार्टी को प्रतिस्थापित करने, प्रतिष्ठित करने का संकल्प लेने यहाँ आए हैं। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद सूर्या प्रदेश इकाई के 'परिवर्तन उद्घोष' कार्यक्रम में शामिल होने राजधानी रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उपस्थित पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए सूर्या ने कहा कि इस प्रवास के पहले दो बार छत्तीसगढ़ आने का मौका मिला। पहले रोजगार और बेरोजगारी भत्ते की मांग को लेकर हुए हल्लाबोल आंदोलन और उसके बाद पीएससी घोटाले को लेकर युवा मोर्चा के साथ मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया था। सूर्या ने कहा कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ पीएससी में जो घोटाले हुए, उस मुद्दे को भाजयुमो की प्रदेश इकाई ने जोरशोर से उठाया और न्याय मांगने का काम किया। इसके लिए मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लाठियाँ खाईं। उसका प्रतिफल हमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय न्याय से मिला। पीएससी में हुई 18 नियुक्ति पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। यह निर्णय यह हमारे युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है। उच्च न्यायालय के निर्णय से आने वाले समय देश की सभी राज्य सरकारों, चाहे वो छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान या कर्नाटक हो, को पीएससी की समूची प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयानुकूल परिवर्तन लाने का बहुत बड़ा अवसर मिलेगा।

### आदर्श आचार संहिता लगते ही सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां हुई रद्द- जिला कलेक्टर......

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है, इसी के साथ राज्य के सभी पांच लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारी अब निर्वाचन आयोग के अधीन हो गये हैं. वहीं सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों पर कई पाबंदिया भी लागू हो गई है, आचार संहिता सभी शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू होगी, जो की 5 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी. धारा 144 लागू बता दें कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही रायपुर में धारा 144 लागू कर दी गई है. आदेश का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. चुनावी नियमों का पालन करते हुए मुख्यमंत्री आवास, मंत्री, सांसद-विधायकों के निजी स्टाफ में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को वापस बुला लिया गया है. राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी के लिए सम्बंधित जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा. कलेक्टर की अनुमति के बाद ही कर्मचारी छुट्टी ले सकेंगे, सभी को मुख्यालय पर रहने को कहा गया है. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का पहला चरण 7 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 17 नवंबर को होगी. जिसमें छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान होना है. जिसमें पहले चरण में 20 सीटों पर और दूसरे चरण में 70 सीटों पर वोटिंग की जाएगी.

## भाजपा को जिला बेमेतरा में प्रत्याशी तय करने में इतनी दिक्कत क्यों आ रही.....

■ राहुल टिकरिहा, योगेश तिवारी, संध्या परगनिहा, अवधेश चंदेल में से कोई एक होगा भाजपा प्रत्याशी

रायपुर/ संवाददाता





बेमेतरा सीट पर भाजपा आखिर अपने प्रत्याशी की घोषणा क्यों नहीं कर रही है।यह बड़ा सवाल तैर रहा है। भाजपा ने 85 सीटों पर अपने कैंडीडेट्स की घोषणा कर दी है, किंतु बेमेतरा, बेलतरा व पंडरिया सीट पर प्रत्याशी तय नहीं हुवे हैं। भाजपा की जो सूची लिक हुई थी, उसमें बेमेतरा से राहुल टिकरिहा का नाम सामने आया था। किंतु अब कहा जा रहा हैं कि भाजपा में प्रवेश किए योगेश तिवारी पर पार्टी मोहर लगा सकती है। यदि बेमेतरा सीट पर महिला प्रत्याशी उतारने की नौबत आई तो संध्या परगनिहा के नाम पर विचार किया जा सकता है ।साथ ही सैनिक परिवार से वास्ता रखने वाली एक महिला का नाम पर भी भाजपा नेतृत्व मंत्रणा कर रही है । बेमेतरा में अभी कांग्रेस के आशीष छाबड़ा विधायक है। एक हद तक संभावना है कि इस बार भी कांग्रेस के प्रत्याशी वही होंगे। जिन नाम की चर्चा ज्यादा चल रही है, उनमें शामिल योगेश तिवारी पहले कांग्रेस में रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के निकटवर्ती रहे हैं। योगेश तिवारी भले ही पहले कांग्रेस में रहे, मगर वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनका 36 का आंकड़ा रहा है। कांग्रेस में बात नहीं बनने पर योगेश तिवारी ने भाजपा प्रवेश कर लिया। बेरला क्षेत्र के ग्राम नेवनारा के मूल निवासी योगेश तिवारी शुरू से रायपुर में रहे हैं । मगर बेमेतरा की राजनीति पर उनका रुझान शुरू से रहा है क्योंकि रायपुर रहकर भी वो अपने गांव और बेमेतरा क्षेत्र के लोगों से जुड़े हुवे है तथा हमेशा ही आमजन के हितों के लिए संघर्ष के साथ साथ दुख सुख में सहभागी बनते आ रहे हैं। 2018 के चुनाव में योगेश तिवारी को कांग्रेस ने रायपुर की एक सीट पर प्रत्याशी बनाया था। मगर वह चुनाव हार गए थे। इन सब के अलावा पूर्व विधायक अवधेश चंदेल भी भाजपा के प्रत्याशी हो सकते हैं अवधेश चंदेल 2013 के चुनाव में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को इस सीट पर चुनाव हरा चुके हैं। पिछले चुनाव में अवधेश चंदेल कांग्रेस के आशीष छाबड़ा से हार गए थे। फिलहाल दुर्ग संभाग के विधानसभा सीटों में अधिकांश पर भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं । बेमेतरा सीट को रोककर क्यों रखा गया है, इस पर लोगों के अपने-अपने कयास है हाल के दिनों में बेमेतरा विधानसभा सीट राज्य के लिए महत्वपूर्ण सा प्रतीत होने लगा है। जब पार्टी पाटन जैसे महत्वपूर्ण सीट पर 3 महीने पहले प्रत्याशी घोषित कर सकती है, तो बेमेतरा में क्या दिक्कत आ रही है, लोग समझने का प्रयास कर रहे हैं।बहरहाल शेष सीटो पर भी शीघ्र प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की संभावना है।

नाराज सिटिंग विधायक पुजारी बोले प्रचार नहीं करूंगा

## भाजपा सियासी पारा हाई रहा-टिकट नहीं मिलने से नाराज भागीरथी मांझी ने थामा आपपार्टी का दामन

रायपुर/ संवाददाता

भाजपा के टिकट एलान के दूसरे दिन आज बिंद्रानवागढ का सियासी पारा हाई रहा। सुबह से ही प्रत्याशी गोवर्धन मांझी बाबा उदयनाथ को मनाने उनके काडसर स्थित आश्रम चले गए।कहा जा रहा है बाबा ने उन्हें मौन सहमति भी दे दिया,जिस वक्त मांझी बाबा उदयनाथ को मना रहे थे उसी वक्त भाजपा के अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी ने देवभोग के गांधी चौक में सार्वजनिक तौर पर आम आदमी पार्टी में प्रवेश कर गए। आम आदमी पार्टी के जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज मिश्रा व ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने उन्हें आप की टोपी पहना कर पार्टी प्रवेश कराया। मांझी के साथ उनके दर्जन भर समर्थक भी थे।भागीरथी मांझी ने पार्टी प्रवेश के बाद



कहा की क्षेत्र की जनता की मांग थी, उन्ही जनता के भावनाओ के कारण वे आम आदमी पार्टी में गए। अब पार्टी तय करेगी मुझे प्रत्याशी बनाना है या नही। जिला प्रभारी मनोज मिश्रा से हुई चर्चा के मुताबिक पार्टी ने भागीरथी मांझी को आप का बिंद्रानवागढ़ प्रत्याशी बनाना तय कर लिया है। पार्टी के स्थानीय नेताओं ने इसकी पुष्टि तो नहीं किया पर उन्होंने कहा की अभी वे भागीरथी को लेकर रायपुर रवाना हो रहे। जहां प्रदेश के नेताओं से मिलाने के बाद अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा। बाबा उदयनाथ की मौन सहमति:-एक दिन पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक आप में बाबा उदयनाथ भी शामिल होने की चर्चा थी। आज हुए मान मनोवल के बाद बाबा का मन परिवर्तन की संभावना है। आज सुबह से ही गोवर्धन मांझी बाबा के निवास जाकर उनसे लंबी चर्चा किया है। गोवर्धन मांझी ने कहा कि नाराजगी परिवार के सदस्य के बीच होती है,संगठन हमारा परिवार है ओर नाराज सभी साथियों को मना लिया जायेगा। मेरी भी टिकट काटी गई थी,मैने पार्टी का आदेश माना। संगठन सर्वोपरी की भावना के साथ सभी को काम करना चाहिए। पुजारी नहीं करेंगे प्रचार,जिला महामंत्री बोले परिवारवाद भाजपा में नही:-विधायक डमरूधर पुजारी टिकट कटने से भारी नाराज है,पुजारी बोले अपाता काल में जितने वाले सभी 13 विधायको को रिपीट करने का भरोसा दिलाया था लेकिन काट दिया गया। मैं न कुछ बोलूंगा न चुनाव प्रचार करूंगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com